हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 142, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 22 नवम्बर, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## जादूगर कितना भी जादू करे, 3 दिसंबर को कांग्रेस छूमंतर : मोदी

### राज्य में कानून का राज हो यह राज्य की पहली जिम्मेदारी होती है



जयपुर। राजस्थान के करौली में मंगलवार को पीएम मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं, विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने अपना जनघोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे जारी करते हुए जनता से कई वादे किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में कानून का राज हो यह राज्य की पहली जिम्मेदारी होती है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है तब से राजस्थान में हर तीज-त्योहार के दौरान दंगे होते रहे हैं। एक तरह से हर वर्ष राजस्थान में कोई न कोई बड़ा दंगा जरूर हुआ है। मैं छोटे दंगों की बात नहीं कर रहा हूं। मैं बड़े दंगों की बात करता हूं, जिसने देश को चौंका दिया। अक्टूबर 2019 में टोंक में बड़ा दंगा, 2020 में डूंगरपुर में बड़ा दंगा, 2021 में झालावाड़ और बारां में दो बड़े दंगे और 2022 में फिर कांग्रेस ने जोधपुर और करौली को दंगों की आग में झोंक दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल नववर्ष की शोभायात्रा के दौरान करौली में जो कुछ हुआ क्या आप लोग उसे भूल सकते हैं क्या। यहां पत्थरबाजी में कितने ही लोग लहू-लुहान हो गए, घायल हो गए, कितनों का व्यापार-कारोबार चौपट हो गया। कहीं परशुराम जयंती पर हमला, कहीं नववर्ष की शोभायात्रा पर हमला और कभी दशहरे के जुलूस पर हमला। ये हमले क्यों रुकते नहीं हैं भाई। ये हमले इसलिए नहीं रुकते हैं क्योंकि दंगों के आरोपी मुख्यमंत्री के आवास पर दावत करते हैं। ये अपराधियों को दावत दे क्या वो कांग्रेस आपकी रक्षा कर सकती है। पीएम ने कहा कि आपके पास बंगला, गाड़ी, खेत-खलिहान और सभी सुख-सुविधाएं हों जीवन में कोई कमी न हो।

इसके बाद भी आपका जवान बेटा-बेटी शाम घर न लौटे और उसकी डेडबॉडी आ जाए तो ये सुख-सुविधाएं किस काम की। अगर आपको रक्षा नहीं मिलती है, अगर आपका जीवन सुरक्षित नहीं है, बेटा बाहर जाए तो शाम को घर लौटेगा कि नहीं लौटेगा इसका मां-बाप को तनाव हो तो रुपयों का क्या करोगे दोस्तों। इसलिए शांति और सुरक्षा राजस्थान में विकास के लिए बहुत जरूरी है। भाजपा के शीर्ष नेता मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के इस पंजे ने राजस्थान के लोगों को त्रस्त कर दिया है। इसलिए जनता ने भी ठान लिया है कि अब कांग्रेस को वापस नहीं आने देना है।

कांग्रेस का जाना तय है, विदाई पक्की है। हमारे कांग्रेस के जादूगर साहब अब कुछ दिन के लिए सीएम की कुर्सी पर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यहां पर जादूगर दुनिया भर का जादू कर ले, काला जादू कर ले, जो भी कमाल करना है कर ले, लेकिन राजस्थान की जनता के जादू के सामने इस जादूगर की कोई ताकत नहीं चल सकती। जादूगर के देखते-देखते ही तीन दिसंबर को कांग्रेस छूमंतर हो जाएगी। राजस्थान के करौली की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि करौली और धौलपुर जादूगर को साफ-साफ संदेशा दे रहा है।

## गोधरा में हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, दो बसों की टक्कर में चार की मौत, 11 घायल



गोधरा। गुजरात के पंचमहल जिले के गोधरा में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। दो बस की टक्कर में यहां चार लोगों की मौत हुई है। वहीं 11 लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि यह दुर्घटना एक प्राइवेट लग्जरी बस के हावे पर खड़ी एक बस को टक्कर मारने की वजह से हुई। पुलिस ने बताया कि दाहोद-गोधरा हाईवे में हुए इस हादसे में दो बच्चों और दो महिलाओं की जान गई है। यह दुर्घटना मंगलवार अल-सुबह करीब 3.30 बजे हुई। हाईवे के किनारे ही इंदौर जा रही एक बस खराबी की वजह से खड़ी थी और इसकी रिपेयरिंग जारी थी। गोधरा के एसडीएम ने बताय कि इसी दौरान लग्जरी बस का ड्राइवर खड़ी बस को देख नहीं पाया और पीछे से खड़ी बस में टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से नौ का इलाज गोधरा के सिविल अस्पताल में चल रहा है जबकि दो अन्य को वडोदरा रिफर किया गया है।

## तेरी मुहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल-चना; सरकार पर वरुण गांधी का तंज



पीलीभीत। पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर शायराना अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने कहा कि तेरी मुहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल और चना। सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंचे सांसद ने कहा कि आज 90 प्रतिशत नौकरियां संविदा पर लग रही हैं। यानि जब चाहे रख लिया, जब चाहे फेंक दिया। उन्होंने कहा कि एक करोड़ सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। इसलिए खाली हैं, क्योंकि सरकार पैसा बचाना चाहती है।

सरकार का काम बिजनेस करना नहीं बल्कि जो कमजोर लोग हैं, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार नई नौकरियों की बात कर रही है, लेकिन एक करोड़ पदों का क्या होगा। वास्तविकता यह है कि जो पैसे बचेंगे, वो चुनाव में आटा, दाल और चना बांटने के काम आएंगे। वरुण गांधी ने कहा कि निजीकरण की वजह से यूपी के 18 लाख लोगों को पिछले पांच साल में नौकरी से हटाया गया है। यूपी पहले से ही बेरोजगारी की चपेट में था। अब इसमें 18 लाख लोगों का आंकड़ा और बढ़ गया है। सांसद बोले, सरकारी नौकरी पहले आम आदमी के लिए एक मात्र नौकरी थी। आसानी से मिल जाती थी। जब से निजीकरण हुआ तब से नौकरी पाना तो दूर उसके बारे में सोचना भी कठिन लगता है। यही वजह है कि भारत दो बन गए हैं। एक भारत में लोग आसानी से दौड़ रहे हैं, लेकिन दूसरे भारत का भट्ठा बैठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में 28 करोड़ लोगों ने सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाएं दीं, लेकिन नौकरी मात्र सात लाख लोगों को ही मिली। प्रत्येक वर्ष 15 लाख से अधिक इंजीनियर पढ़ाई कर निकलते हैं, लेकिन नौकरी मात्र 15 फीसदी लोगों को ही मिलती है। एक गांव का किसान कर्ज लेकर अपने बेटे को पढ़ाता है, लेकिन जब उसको नौकरी नहीं मिलती है तो सोचो उसके दिल पर क्या गुजरती होगी, जबकि आज के दौर में कर्ज लेकर पढ़ाई करना आसान नहीं है। सांसद ने कहा कि एक अफसर या आर्मी का योद्धा बनने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ता है। अग्निवीरों से पांच साल सेवा लेने के बाद उनको निकाला जाएगा। गांव लौटने के बाद जब उनके पास गांव में कोई काम नहीं होगा तो भला वह क्या करेगा। क्या यह सेना का अपमान नहीं है। बता दें कि सांसद वरुण गांधी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंचे थे। सांसद ने पहले दिन क्षेत्र के गांव अभय भगवंतपुर, सोरहा, मझगवां, रड़ेता, रोहनिया भूड़ा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। साथ ही लोगों की समस्याएं सुनीं।

## 'राष्ट्रीय प्रोजेक्ट प्रभावित और विज्ञापनों पर पैसा खर्च हो रहा', सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली सरकार को फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार रीजनल रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के लिए फंड आवंटित करने का वादा करने के बाद भी फंड आवंटित नहीं कर रही है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'दिल्ली सरकार कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं कर रही है? हम आपको विज्ञापन के बजट पर रोक लगा देंगे और इसे आरआरटीएस परियोजना के लिए डायवर्ट कर देंगे।' जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया ने माना कि दिल्ली सरकार अपने ही वादे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के स्टैंड पर नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने दिल्ली सरकार के विज्ञापन के खर्च को परियोजना के लिए ट्रांसफर करने का आदेश दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि उनका यह आदेश एक हफ्ते तक लंबित रहेगा और अगर इस दौरान सरकार ने बजट आवंटित नहीं किया तो उनका यह आदेश लागू हो जाएगा। पीठ ने कहा अप्रैल में दिल्ली सरकार ने रकम (415 करोड़) देने की बात कही थी। पीठ



ने गौर किया कि आरआरटीएस परियोजना से दिल्ली में प्रदूषण भी कम होगा। पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार के बजट आवंटन में बीते तीन वर्षों में करीब 1100 करोड़ रुपये विज्ञापन के लिए आवंटित किए गए हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी यह आवंटन 550 करोड़ रुपये है। पीठ ने कहा कि बजटीय आवंटन ऐसी चीज है जिसे सरकार को पूरा करना चाहिए। लेकिन अगर राष्ट्रीय परियोजनाएं प्रभावित होंगी और उसकी बजाय विज्ञापन पर खर्च की जाएंगी तो हमें विज्ञापन के फंड को प्रोजेक्ट के लिए ट्रांसफर करना होगा। दिल्ली सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश हुईं वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने एक हफ्ते का समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने मामले को एक हफ्ते बाद के लिए सूचीबद्ध कर दिया और कहा कि अगर फंड आवंटित नहीं किया गया तो उनका आदेश लागू हो जाएगा। बता दें कि नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉपरेशन ने दिल्ली सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दिल्ली सरकार पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली सरकार की खिंचाई की।

## चित्रकूट में भीषण हादसाः जनरथ और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर, बच्चे समेत पांच की मौत, 10 गंभीर घायल



चित्रकूट। चित्रकूट जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के बगरेही गांव के पास जनरथ और बोलेरो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बच्चे समेत पांच यात्रियों की मौत हो गई है, जबकि 10 घायल हुए हैं। मौके पर डीएम, एसपी और पुलिस अमला पहुंचा है। पुलिस ने तीन एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल और रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, तीन को प्रयागराज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मृतक मध्यप्रदेश निवासी है, शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जनरथ बस चित्रकूट से प्रयागराज जा रही थी। वहीं, बोलरो चित्रकूट की ओर लौट रही थी। घटना का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि बोलेरो अचानक गलत दिशा में आ गई, जिससे भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी, कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। तीन की मौके पर ही मौत हो गई।

## आतंकी संगठनों को टेरर फंडिंग की साजिश का पता लगाएगी एसटीएफ, देश को कमजोर करने का प्लान




लखनऊ। खाद्य पदार्थों समेत तमाम वस्तुओं को हलाल सर्टिफिकेशन देने वाली कंपनियों के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और आतंकी संगठनों को टेरर फंडिंग करने की जांच यूपी एसटीएफ को सौंप दी गयी है। शासन ने बीती 17 नवंबर को राजधानी की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज मुकदमे की विवेचना एसटीएफ से कराने का निर्णय लिया है। उच्च पदस्थ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इस मामले में तीन कंपनियों समेत देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और दंगे भड़काने की साजिश करने वाले अज्ञात लोगों को नामजद किया गया था। बता दें कि हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने के बाद शासन द्वारा इस पूरे मामले की जांच किसी विशेषज्ञ एजेंसी से कराने पर मंथन किया जा रहा था। सोमवार को इसकी जांच एसटीएफ से कराने का निर्णय ले लिया गया। एसटीएफ की टीमें जल्द ही चेन्नई, दिल्ली और मुंबई स्थित हलाल सर्टिफिकेट देने वाली कंपनियों की जांच करने भेजी जाएंगी। साथ ही कंपनी, उसके प्रबंध तंत्र और कर्मचारियों के बैंक खातों की भी गहनता से पड़ताल होगी। इसके जरिए पता लगाया जाएगा कि देश में हजारों करोड़ रुपये के हलाल सर्टिफिकेशन के कारोबार के जरिए आतंकी संगठनों को देश विरोधी गतिविधियों के लिए खाद-पानी तो मुहैया नहीं कराया जा रहा है। दरअसल, हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराए गये मुकदमे में उल्लेख किया गया था कि चेन्नई स्थित हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की जमीयत उलेमा हिंद हलाल, मुंबई की हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र आदि द्वारा समुदाय विशेष के नाम पर कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे हैं। इस तरह के उत्पाद बाजार में बहुतायत में उपलब्ध हैं, जो कि जन आस्था के साथ खिलवाड़ है। इन कंपनियों द्वारा समुदाय विशेष को प्रभावित करने के लिए कूटरचित प्रपत्रों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण, रक्षा मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना और डीआरडीओ ने मंगलवार को स्वदेश में निर्मित नेवल एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया। सीकिंग 42बी हेलीकॉप्टर से यह परीक्षण किया गया। अहम मिसाइल तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह परीक्षण बेहद अहम कदम है। परीक्षण के दौरान नौसेना और डीआरडीओ के शीर्ष अधिकारियों ने भी इस टेस्ट पर नजर बनाए रखी। बता दें कि भारतीय नौसेना और द्वारा किए गए इस परीक्षण में मिसाइल की Seeker और Guidance तकनीक का भी परीक्षण किया गया। बता दें कि किसी भी मिसाइल का उसके तय लक्ष्य को भेदना ही गाइडेंस तकनीक का हिस्सा है। कोई मिसाइल कितनी प्रभावी है, यह उसकी गाइडेंस तकनीक पर ही निर्भर करता है। नौसेना ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें दिख रहा है कि महासागर के ऊपर उड़ रहे भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टर ने एंटी शिप मिसाइल फायर की, जिसने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को भेद दिया। इससे पहले बीते साल मई में भी नौसेना ने डीआरडीओ के साथ मिलकर एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। बता दें कि भारत सरकार की कोशिश है कि रक्षा उत्पादन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस उद्देश्य को पाने के लिए डीआरडीओ, डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड अहम भूमिका निभा रहे हैं। अभी हमारा देश हथियारों की आपूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर है लेकिन अब सरकार हथियारों के आयात को रोकने के लिए देश में ही हथियारों के निर्माण और तकनीक के हस्तांतरण के लिए समझौते कर रही है। अभी भारत में इंटीग्रेटिड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए चार मिसाइल सिस्टम देश में ही विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें पृथ्वी मिसाइल, आकाश मिसाइल, त्रिशूल और नाग मिसाइल सिस्टम शामिल हैं।

## हादसा या हत्याः उन्नाव में करंट नहीं, जहर से हुई चारों भाई-बहनों की मौत? मामले में उलझी पुलिस की गुत्थी

उन्नाव। चार भाई-बहनों की मौत के मामले में हत्या या हादसे की गुत्थी उलझ गई है। पुलिस अधिकारी करंट से हादसे की बात कह रहे हैं, लेकिन सूत्र पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बता रहे कि चारों बच्चों की जान जहर से गई। यह जहर दूध जैसे पदार्थ में मिलाकर पीया या पिलाया गया। यह भी पता चला है कि जहर ज्यादा मात्रा में दिया गया। घर में ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली है, इससे संदेह गहरा रहा है कि चारों की हत्या की गई। भ्रमित करने के लिए चारों बच्चों को एक साथ लिटाया गया और उनके ऊपर पंखा गिरा दिया। माता-पिता घटना के समय घर में नहीं थे और किसी से रंजिश की बात से इन्कार कर रहे हैं। बच्चों के चाचा ने जरूर घटना को संदिग्ध बताया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने जहर की बात से इन्कार किया है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट उन्हें अभी नहीं मिली है। डॉक्टरों के अनुसार में तीन बच्चों की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई है, जबकि एक में करंट लगना स्पष्ट न होने के कारण सभी का बिसरा सुरक्षित किया गया है। यदि कुछ भी संदिग्ध है तो जांच कराई जाएगी। बारासगवर थाना क्षेत्र के रौतापुर के मजरे लालमनखेड़ा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार सरोज अपनी पत्नी शिवदेवी के साथ रविवार को धान



काटने गए थे। घर में उनके चार मासूम बच्चे मयंक, हिमांशी, हिमांक व मानसी खेल रहे थे। वीरेंद्र ने बताया कि पड़ोसी महिला रूपा लकड़ी में छेद करने वाला यंत्र (बर्मा) उनसे ले गई थी। दोपहर बाद वह यंत्र देने घर पहुंची तो बच्चे जमीन पर पड़े मिले थे और उनके ऊपर पंखा गिरा था। उसने ही उन्हें सूचना दी। वह जब घर पहुंचे तो बिजली काटी जा चुकी थी और दो बच्चों पर पंखा गिरा था, दो बच्चे उनके पास पड़े थे। पुलिस पहुंची तो पंखे में करंट उतरने का शोर सुन यकीन कर लिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वीरेंद्र का कहना है कि उन्हें जो बताया गया वही मान लिया। वीरेंद्र के भाई सुरेंद्र ने बताया कि घर में कीटनाशक भी कभी लाकर नहीं रखा गया। अगर जहर मिला है तो किसी ने उन्हें खिलाया ही होगा। चारों बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। रविवार रात ही चारों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए थे। सोमवार सुबह पुलिस ने पैनल व वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम कराने का फैसला कर लिया। सवाल यह है कि पुलिस को ऐसा क्या दिख गया, जिससे पैनल व वीडियोग्राफी की जरूरत पड़ गई। एएसपी शशिशेखर सिंह भी वहां मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार बच्चों की मौत के मामले में पेट में जहर मिलने की बात दशार्ने के साथ ही बिसरा सुरक्षित किए जाने की बात लिखी गई है।

## 'किसानों को बनाया जा रहा खलनायक', लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर पंजाब को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में एक दिन पहले के मुकाबले हवा कुछ और खराब हो गई है। गुरुग्राम को छोड़कर दिल्ली समेत एनसीआर के सभी प्रमुख शहरों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में है। देश के कई राज्यों में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। वह लगातार इस मामले में सुनवाई करके राज्यों को फटकार लगा रहा है। अब मंगलवार को एक फिर शीर्ष अदालत ने पंजाब को फटकार लगाई। कहा कि किसानों को खलनायक बनाया जा रहा है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण मामले की अगली सुनवाई पांच दिसंबर को करेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यहां अदालत में किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है। पराली जलाने के लिए उनके पास कुछ कारण तो होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि पंजाब सरकार की रिपोर्ट बताती है कि किसानों और किसान नेताओं के साथ 8481 बैठकें की गई हैं। इन बैठकों का उद्देश्य यह था कि ताकि उन्हें एसएचओ द्वारा धान की पराली न जलाने के लिए समझाया जा सके। अदालत ने आदेश में कहा कि खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आई है। पराली जलाने के लिए भूमि मालिकों के खिलाफ 984 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दो करोड़ रुपये से अधिक का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है, जिसमें से 18 लाख रुपये वसूल किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से यह भी पूछा कि वह फसल अवशेषों की प्रक्रिया को सौ फीसदी फ्री क्यों नहीं करती है? शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों को इसे जलाने के लिए बस माचिक की जरूरत पड़ती है। फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सिर्फ मशीन ही सब कुछ नहीं है। यहां तक कि अगर मशीन फ्री में दी भी जाती है, तो डीजल लागत, मैनपावर आदि चीजों की जरूरत पड़ती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को डीजल, मैनपावर आदि के लिए फंड क्यों नहीं दे सकती है?

## संपादकीय

# खेल की भावना, विश्व कप क्रिकेट में हार से जीत की उम्मीद नहीं छोड़ें खिलाड़ी

विश्व कप के अंतिम नतीजों को लेकर बहुत सारे भारतीय खेल प्रेमी निराश हैं, तो कई लोग इसे राजनीतिक नजरिए से भी देख रहे हैं। जिस तरह भारतीय टीम पूरे खेल के दौरान लगातार जीत दर्ज करती रही और हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर देखा गया, कई कीर्तिमान भी बने, उसमें स्वाभाविक ही उम्मीद बनी थी कि भारत विश्व कप जीतेगा। मगर अंतिम मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए वही टीम कमजोर साबित हुई, तो इसे लेकर निराशा स्वाभाविक है। मगर क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। कब किन स्थितियों में मजबूत टीम भी कमजोर पड़ जाती है, कहना मुश्किल है। कुल मिला कर देखें तो भारतीय टीम का प्रदर्शन अंतिम मैच में भी बुरा नहीं कहा जा सकता। बल्लेबाजी करते हुए उसके तीन खिलाड़ी जल्दी आउट हो गए, इसलिए टीम रक्षात्मक होकर खेलने लगी थी और रनों की दर धीमी पड़ गई। गेंदबाजी और क्षेत्र रक्षण में भी खिलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मगर जिस तरह लोगों में पहले से उत्साह बना हुआ था और पूरा विश्वास था कि भारतीय टीम ही इस बार का विश्व कप जीतेगी, उस धारणा के चलते बहुत सारे लोग इस मैच को खेल भावना से देख नहीं पाए और निराश हुए। जैसा कि हर हार के बाद कमजोर पक्षों को पहचानने का प्रयास किया जाता है, विश्व कप को लेकर भी अलग-अलग कोणों से इसकी पड़ताल हो रही है। बहुत सारे लोग भारतीय टीम की हार का ठीकरा खराब पिच पर फोड़ रहे हैं, क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम ने इसी वजह से पहले गेंदबाजी का निर्णय किया था। मगर उसी स्टेडियम में पहले भी भारतीय टीम खेल चुकी थी और वह उस पिच के मिजाज से अच्छी तरह वाकिफ थी। इसलिए पिच को दोष देना भी ठीक नहीं माना जा सकता। कई लोगों को इस बात पर हैरानी हो रही है कि आखिर के चालीस ओवरों में भारतीय टीम ने केवल चार चौके लगाए। सत्ताईस ओवरों में एक भी चौका-छक्का नहीं लगा। ऐसा क्या हो गया कि अपराजेय दिखते भारतीय खिलाड़ी इतने सुस्त पड़ गए? इसका बड़ा कारण शुरू में ही तीन खिलाड़ियों के आउट हो जाने से टीम पर पड़ा मनोवैज्ञानिक दबाव माना जा सकता है। इस तरह टीम रक्षात्मक होकर खेलती रही। मगर इसमें आस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजों के कौशल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को चौके-छक्के जड़ने का मौका बहुत कम दिया। कुछ लोग इसमें सट्टेबाजी का भी अंदेशा जता रहे हैं। चूंकि पहले कुछ मौकों पर ऐसा हो चुका है और उसके चलते कुछ भारतीय खिलाड़ियों पर गाज भी गिर चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए एक समिति भी बनाई थी। क्रिकेट बोर्ड में राजनीतिक दखलंदाजी बढ़ने से भी भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जताई जाती रही हैं। मगर इन तमाम आरोपों और आशंकाओं के पीछे भावनात्मक खीज अधिक कही जा सकती है। इस तरह आस्ट्रेलियाई टीम की काबिलियत को बहुत कम करके आंकने का प्रयास किया जा रहा है। निस्संदेह भारतीय टीम का जीतना गौरव की बात होती, मगर इस हार का मूल्यांकन आस्ट्रेलियाई टीम के प्रदर्शन को सामने रख कर किया जाना चाहिए। पूरे खेल में उसका भी प्रदर्शन खराब नहीं कहा जा सकता। खेल को खेल भावना से ही खेला और देखा जाना चाहिए, पक्षपातपूर्ण या सियासी नजर से नहीं।

## रहना है विवादित!



रह रह कर जिह्वा से ।
आते हैं बयान ।।
रहना है विवादित ।
इसी में सम्मान ।।
छोड़ कर सब काम ।
किए एजेंडा तय ।।
पकड़ लिए हैं अपनी ।
जो पुरानी लय ।।
है नजदीक चुनाव ।
चर्चा में अब रहना ।।
बोल कर कुछ बोल ।
है आगे टहलना ।।
रोटी पानी बनी रहे ।
है उसका जुगाड़ ।।
हल्की फुल्की इसलिए ।
दिखती ये दहाड़ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# बिना सरकारी संरक्षण के नहीं फलफूल सकता था यूपी में हलाल का धंधा

**अजय कुमार**

खाद्य पदार्थों की गुणवता का पैमाना अब सिर्फ एफएसएसएआई सर्टिफिकेट नहीं रह गया है। एफएसएसएआई का मतलब फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया है, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस किसी भी ऐसे व्यक्ति या संगठन के लिए अनिवार्य है जो किसी भी प्रकार के फूड बिजनेस से जुड़ा है। प्रत्येक खाद्य व्यवसाय संचालक का कार्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रत्येक ग्राहक के लिए संतुष्टि प्रदान करने के लिए खाद्य गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना है। नियंत्रण प्रक्रियाओं के निर्माण में, भारतीय फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन लगता है कि यह गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब तो इस पर हलाल का ठप्पा भी लगा होना जरूरी है। इस हलाल के ठप्पे को सरकार भले नहीं मान्यता देती हो, लेकिन इस्लाम के नाम पर यह काला धंधा खूब फलफूल रहा था। इसका करोबार हजारों करोड़ तक पहुंच गया था और इसका पैसा कुछ धार्मिक ट्रस्टों और संस्थाओं के खाते में जा रहा था, जिसकी कहीं कोई लिखा पढ़ी नहीं होती थी, यह पैसा कहां खर्च होता था, इसकी भी किसी को जानकारी नहीं थी।




उत्तर प्रदेश में हलाल का एक काधा धंधा खूब फलफूल रहा था, लेकिन अब इस पर योगी सरकार की नजर लग गई है। गत दिनों उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने खाद्य पदार्थों सहित अन्य कई सामानों पर हलाल सर्टिफिकेट देने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए इस धंधे पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया। योगी सरकार के एक्शन लेते ही रातों-रात हलाल का ठप्पा लगा सामान बाजारों से गायब हो गया, क्योंकि हलाल का ठप्पा लगा सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी, जिसमें उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान था। मगर सवाल यह भी खड़ा होता है कि यदि हलाल सर्टिफिकेट बांटने का गोरख धंधा लम्बे समय स चल रहा था तो यूपी पुलिस और अन्य खुफिया एजेंसियों और खाद्य विभाग को इसकी भनक कैसे नहीं लग पाई। निश्चित ही हलाल का धंधा बिना सरकारी संरक्षण के इतना फलफूल नहीं सकता था। जरूरत ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी है जो इस तरफ से आंखें मूंदे बैठे थे, क्योंकि हलाल पर जो भी कार्रवाई हो रही है, वह लखनऊ के हजरतगंज थाने में एक व्यक्ति के एफआईआर लिखाने के बाद शुरू हुई है। बहरहाल, योगी सरकार द्वारा हलाल प्रमाण पत्र मामले में कार्रवाई किए जाने के साथ यूपी और उससे लगे राज्यों में हलाल और हराम को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। कोई हलाल के तार आतंकवाद और अन्य मतांतरण को बढ़ावा देने वाली घटनाओं से जोड़ कर देखा रहा है तो किसी को इसमें साम्प्रदायिता की बू आ रही है। इस पर राजनीति भी खूब हो रही है। वहीं हलाल के धंधे में लगे लोगों को लगता है कि सरकार ने बिना सोचे समझे हलाल पर प्रतिबंद्ध लगाकर एक झटके में निर्यात को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। हालांकि, हलाल का मामला यूपी तक ही सीमित नहीं है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में हलाल का ठप्पा लगाये जाने का खेल चल रहा है। हिंदू जनजागृति समिति लगभग दो साल से इसके खिलाफ अभियान चला रही है। इसको लेकर जमशेदपुर में समिति की सेमिनार-गोष्ठी भी हो चुकी है। आज भी कई राज्यों में हलाल सर्टिफिकेट के मिठाई-नमकीन सहित कॉस्मेटिक के उत्पाद बिक रहे हैं।

गौरतलब है कि यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कथित हलाल सर्टिफिकेट वाले उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर रोक लगाने का बड़ा फैसला लिया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त की ओर से 18 नवंबर 2023 को इस आशय का आदेश जारी किया जा चुका है। लखनऊ में 17 नवम्बर 2023 को हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी और जमीयत उलेमा-ए-हिन्द सहित कुछ अन्य संस्थाओं एवं लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें हलाल सर्टिफिकेट को हिन्दू आस्था पर आघात बताते हुए इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई करने की माँग की गई थी। केस दर्ज होने के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने अगले दिन 18 नवम्बर को हलाल के बजाय एफएसएसआई एवं एफएसएसएआई के प्रमाण पत्र को मानकों के लिए उचित बताया था। इस केस में दर्ज हुई एफआईआर में हलाल इंडिया के चेन्नई और मुंबई कार्यालय के साथ जमीयत उलेमा ए हिन्द के दिल्ली और मुंबई ऑफिस को नामजद किया गया था। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेट को बढ़ावा देने वाली कुछ अज्ञात कम्पनियाँ, राष्ट्र विरोधी साजिश रचने वाले कुछ अन्य अज्ञात लोग, आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे अज्ञात समूह और जनआस्था से खिलवाड़ करने के साथ दंगे करवाने की साजिश रच रहे कुछ अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है।

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता

**ललित गर्ग**

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे। कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर गेट रेडी विद मी सीरीज के लिए बनाया था।

# अब पुतिन के इलाके पर दावा ठोक रहे जिनपिंग, कभी माओ ने दी थी कीमत चुकाने की धमकी, क्या है रूस और चीन का सीमा विवाद?

**अभिनय आकाश**

क्या मानचित्र पर नाम मायने रखते हैं? जब वे सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा हो तो जवाब हां में ही मिलता है। चीन एक ऐसा देश है जिसका दुनिया में कोई देश ऐतबार नहीं कर सकता है। दुनियाभर में भी कोई ऐसा सगा नहीं है जिसे चीन ने ठगा नहीं है। चीन ताइवान पर जबरन कब्जे की फिराक में दशकों से बैठा है। नेपाल से दोस्ती की आड़ में उसके इलाके पर टेढ़ी नजर है। हांगकांग की आजादी का अतिक्रमण हो या साउथ चाइना सी में वियतनाम, ब्रनेई, फिलीपींस, मलेशिया से टकराव। सेनकाकू द्वीप को लेकर जापान से लड़ रहा। मंगोलिया में कोयला भंडार पर चीन की नजर। भारत के अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का चीनी नाम रखने के बाद अब चीन की हिमाकत बढती ही जा रही है। 2023 के शुरूआती वर्ष में चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने आदेश दिया था कि नए मानचित्रों में उसके खोए हुए क्षेत्रों के पूर्व चीनी नामों का उपयोग किया जाना चाहिए जो अब रूस का सुदूर पूर्व है। जिसके बाद रूस के प्रशांत बेड़े के मुख्यालय का घर व्लादिवोस्तोक अब हैशेनवाई, सखालिन द्वीप कुएदाओ बन गया। इसके बाद अगस्त के महीने में मंत्रालय ने एक नक्शा जारी किया जिसमें बोल्शॉय उस्सुरीस्की द्वीप के विवादित रूसी क्षेत्र को चीन की सीमाओं के भीतर दिखाया गया। ये मानचित्र चालें बढ़ती चचाओं और यहां तक कि पश्चिमी विदेश नीति हलकों में रूसी संघ को कई छोटे राज्यों में विभाजित करने की मांग के बीच सामने आई हैं। सोच यह है कि छोटे राज्यों में विभाजित होने से पश्चिम के लिए रूस की चुनौती और यूक्रेन में युद्ध जारी रखने की उसकी क्षमता कुंद हो जाएगी। चीन के इस कदम को बहुत ही अहम माना जा रहा है। वो भी ऐसे वक्त में जब यूक्रेन युद्ध के बाद रूस एक तरह से चीन का जूनियर अलायंस बना हुआ है और अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए पुतिन ने शी जिनपिंग से गुहार तक लगाने की नौबत आ गई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या रूसी राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वतंत्रता के लिए बहुत भूख है? यदि सुदूर पूर्व में अलग हुए क्षेत्र बने, तो क्या इससे पश्चिम या चीन को लाभ होगा? फेल्ड स्टेटः ए गाइड टू रशियाज रप्चर नामक किताब में राजनीतिक वैज्ञानिक जानूस बुगाजस्की का तर्क है कि रूसी संघ के क्षेत्र समय के साथ स्वतंत्रता की घोषणा करेंगे। उनका और अन्य लोगों का तर्क है कि यह रूस के बाहर सभी के लिए अच्छा होगा। बुगाजस्की का तर्क है कि एक दुबले-पतले रूसी राज्य की पड़ोसियों पर हमला करने की क्षमता कम हो जाएगी। रूसी क्षेत्रीय पहचान और इतिहास के एक विद्वान के रूप में उनका मानना है कि कम से कम कहने के लिए, टूटे हुए रूस की संभावना असंभव है। वाशिंगटन पोस्ट के डेविड इग्नाटियस ने रूसी विघटन के बारे में निराशाजनक दृष्टिकोण रखते हुए अगस्त में लिखा था कि यह शैतान को खेल का मैदान प्रदान करेगा जो पश्चिम के लिए खतरा पैदा कर सकता है। रूस के सुदूर पूर्व में चीन और व्लादिवोस्तोक की सीमा से लगा अमूर क्षेत्र शामिल है। इन्हें 19वीं शताब्दी के मध्य में रूस द्वारा चीन से लिया गया था, जब रूसी जनरल निकोलाई मुरावेव-अमर्सकी ने चीन को हराने के लिए रूस की अधिक मारक क्षमता और अधिक आधुनिक सेना का उपयोग किया था। लेकिन क्षेत्र में क्षेत्रों की स्थिति विवादास्पद बनी रही। 1969 में चीन और सोवियत संघ ने सीमा मुद्दों पर सात महीने तक अघोषित युद्ध लड़ा। 1991 के बाद, चीन और रूस ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई दौर की वार्ता और संधियाँ कीं कि उनके बीच की सीमा को दोनों पक्षों द्वारा अनुमोदित किया गया था, आखिरी संधि 2004 में हुई थी। फिर भी, चीन के भीतर सभी समूह परिणामों को स्वीकार नहीं करते हैं। चीन में पाठ्यपुस्तकों में अभी भी रूस को 1.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर के नुकसान का उल्लेख है। ध्यान दें कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक माओत्से तुंग ने कहा था कि रूस को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा था कि यह चीनी क्षेत्रों की चोरी है। अब कई रूसी लोगों का मानना है कि चीन रूस के इस फॉर ईस्ट इलाके को अपना उपनिवेश बना सकता है। चीन यहां मिलने वाले कच्चे माल जैसे हीरे और सोने का इस्तेमाल कर सकता है। कुछ रूसियों और पश्चिम के लोगों के बीच डर यह है कि चीन रूस के सुदूर पूर्व को अपने उपग्रह में बदल सकता है, इसे हीरे और सोने जैसे कच्चे माल के साथ-साथ तेल और गैस के स्रोत के रूप में उपयोग कर सकता है। चीन को उन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो रूस के सुदूर पूर्व में उसके प्रभाव को बढ़ाना विशेष रूप से आकर्षक बनाती हैं, जिसमें विशेषज्ञ संरचनात्मक आर्थिक संकट और ग्रामीण शिक्षा अंतर भी शामिल हैं। क्षेत्रीय विस्तार घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के साथ-साथ आर्थिक विकास भी प्रदान कर सकता है। लेकिन रूसी संघ के टूटने से चीन के लिए भी सुरक्षा खतरा पैदा हो सकता है। झिंजियांग का अनुभव एक चेतावनी के रूप में कार्य करता है। यह क्षेत्र, जो मुस्लिम उइगर लोगों पर चीन के उत्पीड़न का केंद्र रहा है, दो बार पूर्व सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन के संरक्षण में एक अलग क्षेत्र रहा था। इसके अलावा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को डर होगा कि शिनजियांग के नजदीक रूसी संघ के क्षेत्रों में कोई भी अशांति फैल सकती है।



# लोकसभा की सभी सीटों पर सफलता के लिए हर बूथ को बनाएं मजबूत : धर्मपाल

## वोटर चेतना महाअभियान को लेकर गोरखपुर व काशी क्षेत्र की भाजपा की संयुक्त बैठक







आजमगढ़। लोकसभा चुनाव की तैयारी की दृष्टि से वोटर चेतना महाअभियान को लेकर मंगलवार को गोरखपुर और काशी क्षेत्र की भाजपा की संयुक्त बैठक आजमगढ़ स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में संपन्न हुई। इस अति महत्वपूर्ण बैठक में गोरखपुर और काशी क्षेत्र के सभी सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्र कार्यसमिति के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, अभियान के जिला और क्षेत्रीय संयोजक, लोकसभा के विस्तारक, मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल जी ने सर्वप्रथम वोटर चेतना अभियान को लेकर अब तक चलाए गए कार्यक्रमों की जिलेवार समीक्षा की। बताया कि आगामी 25 नवंबर से तीन दिसंबर तक वोटर चेतना कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस निम्मित 24 नवंबर तक जिला, विधानसभा क्षेत्र और शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकें कर वोटर चेतना अभियान को तैयारी पूर्ण कर लेनी है। इसके उपरांत घर घर संपर्क का अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को पार्टी कार्यकर्ता सर्वप्रथम बूथ स्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनेंगे। फिर बूथों के बाहर लगे काउंटर पर वोटर लिस्ट का अवलोकन कर वचन करेंगे। पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुसार वोटर चेतना अभियान तोली वार चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हर बूथ पर भाजपा की मजबूती जरूरी है। ऐसे में भाजपा के हर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकताओं को मिशन 2024 की सफलता के अपना योगदान देने की जरूरत है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने इसके लिए हर किसी को शक्ति केंद्र स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने की जरूरत बताई। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव का अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर बूथ पर मतदाता सूची में गड़बड़ी होने की बात सामने आई। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए अभी से सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि मतदान के समय सतर्क रहने और शिकायत करने से कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में अभियान के प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने वोटर चेतना अभियान को सफल बनाने के लिए मनोयोग से जुटने का आह्वान किया। गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष सहजानंद राय ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए वोटर चेतना अभियान की प्रगति की जानकारी दी और कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में कम कम दस हजार नए मतदाता बनाने का लक्ष्य लिया गया है। क्षेत्र और जिले की टीम इस लक्ष्य को हरहाल में हासिल करेगी। सभी के प्रति आभार काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने जताया। संचालन क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता ने किया।

इस अवसर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद डा रमापतिराम त्रिपाठी,प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएलसी डा धर्मेंद्र सिह, अश्वनी त्यागी, प्रदेश मंत्री शकुन्तला चौहान, शंकर गिरी, मीना चौबे, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर, दयाशंकर मिश्रा दयालू,विजय लक्ष्मी गौतम, अभियान के संयोजक डा सत्येंद्र सिन्हा, संत बक्श सिंह , जिलाध्यक्ष आजमगढ़ श्रीकृष्ण पाल, लालगंज सूरज श्रीवास्तव, ऋत्विक जायसवाल भाजपा नेता युवा समाजसेवी आजमगढ़, जिला मीडिया प्रभारी विवेक निषाद, अवनीश चतुवेर्दी जिला सहायक मीडिया प्रभारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान तहत भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग

चकिया। चंदौली। सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चकिया में मंगलवार को डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह के संजोकत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन के निर्णायक मंडल की भूमिका श्री संतोष कुमार, डॉ प्रियंका पटेल और श्री विश्व प्रकाश शुक्ल आदि प्राध्यापक गण रहे।



इस कार्यक्रम में विभिन्न छात्र छात्राएं प्रतिभाग किए। जिसमें प्रथम स्थान एम.ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान के शुभम सिंह , द्वितीय स्थान बी.ए तृतीय सेमेस्टर मानवेंद्र सिंह एवम् तृतीय स्थान बी.ए प्रथम सेमेस्टर संजीदा खातून ने प्राप्त किया। इस भाषण प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा एक आंदोलनः युवाओं की भूमिका, सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालनः व्यवहारिक चुनौतियां, आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय परिदृश्य, सड़को एवम् वाहनों में तकनीकी नवाचार द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम आदि विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर सरवन कुमार यादव, डॉ अंकिता सती, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, विपिन शर्मा, श्याम जन्म सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से महिला की मौत

सकलडीहा। चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के पपौरा गांव के समीप जर्जर सड़क के कारण बाइक सवार युवक अनियंत्रित होगया। बाइक पर बैठक 22 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। सीएचसी पहुंचने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। महिला डाला छठ महापर्व के समापन पर अपने भाई व बच्चों के साथ हरधन जुड़ा से बाईक से बरडीहा ससुराल लौट रही थी। हरधनजुड़ा गांव निवासी सुबेदार राम की पुत्री खुशबू की शादी अलीनगर थाना क्षेत्र के वरडीहा गांव में विजय से हुई है। डाला छठ महापर्व को लेकर महिला अपने माइके गयी हुई थी। सुबह महापर्व के समापन के बाद बच्चों के साथ अपने चाचा के लड़के नंदकुमार के साथ वापस ससुराल जा रही थी। पपौरा गांव के समीप जर्जर सड़क होने के कारण बाइक असंतुलित होगया। जिससे बाइक पर बैठी विवाहिता सड़क पर गिर गयी। सर में गंभीर चोट होने पर आनन फानन में भाई ने ग्रामीणों व पुलिस और एम्बुलेस की मदद से सकलडीहा सीएचसी पर लाये।

# पैल -लैब के द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रमों मे कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर का जनपद मे प्रथम स्थान

चहनियाँ (चंदौली)। नीति आयोग द्वारा संचालित एवं कन्वेजीनियस संस्था द्वारा कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर विकासखंड चहनिया में उपलब्ध कराए गए पैल -लैब के द्वारा शैक्षणिक संप्रति पर पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर शिक्षक नंद कुमार शर्मा को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया! नीति आयोग के द्वारा नियुक्त जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति (बेसिक शिक्षा विभाग) चंदौली की बैठक में नीति आयोग द्वारा चंदौली के प्रभारी जिला कार्यक्रम सहयोगी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने नीति आयोग के उद्देश्यों तथा उनके कार्यों की चर्चा विस्तार से की गई और टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करने पर विशेष बल दिया गया! कन्वेजीनियस



संस्था की डीपीएम इरम गुल के द्वारा पैल- लैब में बच्चों के सीखने तथा उनके द्वारा टैबलेट पर बिताए गए समय तथा मूल्यांकन पर विस्तृत चर्चा की गई और कहा कि आने वाले कुछ समय में टैबलेट में बहुत सारे नए परिवर्तन किए जाएंगे ,जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में अभिवृद्धि हो सकेगी तथा उनका लर्निंग आउटकम बेहतर होगा!जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने सभी पैल- लैब से संतृप्त विद्यालयों को पूरी लगन और मेहनत से कार्य करने का निर्देश दिया तथा निपुण लक्ष्य ससमय प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया जाए! राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वीरेंद्र सिंह यादव ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी शिक्षकों को इस कार्यक्रम में पूरे मनोयोग से शामिल होने के साथ बच्चों के अधिगम स्तर को उनके कक्षा के अनुरूप प्राप्त करने पर विशेष बल दिया जाए तथा आगे भी अपने विद्यालय को उत्कृष्ट श्रेणी में रखने का प्रयास करते रहना चाहिए!

# ट्रेन से गिरकर दो महिला की मौत

चंदौली। मंगलवार को चंदौली जनपद के डीडीयू जंक्शन समीप दो यात्रियों की मौत हो गई ।जिसमे युवक की ट्रेन से गिरने से दो महिला की ट्रेन के अंदर अज्ञात कारण मौत हुई है। बताया जा रहा कि बिहार राज्य के कुदरा थाना अंतर्गत मोहनपुर गांव निवासी अंगद मुसहर 27 वर्ष ट्रेन से बिहार की ओर जा रहा था,जो अचानक चलती ट्रेन से गिर गया।जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तथा दूसरी घटना में बिहार राज्य के मुंगेर जिला के खुदीया तारापुर निवासी अरुणा देवी 45 वर्ष अपने परिवार के साथ हरियाणा से बिहार की ओर अपने गांव जा रही थी,की ट्रेन के अंदर अज्ञात कारण महिला मौत हो गई,जीआरपी ने कानूनी प्रक्रिया के तहत दोनो शवो को पोस्टमार्टम हेतु जिला मोर्चरी भेज दिया।

# आपकी सुरक्षा करते हुए दुर्घटना की सूचना भी देगा हेल्मेट

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। भारतवर्ष मे 21 नवम्बर सड़क यातायात पीड़ितों के लिए विश्व स्मरण दिवस के रूप मे मनाया जाता हैं, इस अवसर पर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर मे मैकेनिकल द्वितीय वर्ष के तीन छात्र शुजीत यादव, शुभम कुमार, आदित्य यादव, ने मिलकर अपने विभाग के विभागाध्यक्ष विनीत राय के नेतृत्व में एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है जो ना केवल सड़क दुर्घटना मे आप के जान की सुरक्षा करेगा बल्कि दुर्घटना होने पर आप के परिवार व डॉक्टर को कॉल भी करेगा जिससे समय रहते दुर्घटना होने पर वाहन चालक का उपचार कर उसकी जान बचाई जा सके` इसके साथ ही छात्रों द्वारा बनाया गया हेलमेट वायु प्रदुषण से भी आप को बचाता है ' छात्रों ने हेलमेट को पी.पी.एच. हेलमेट का नाम दिया है ' छात्र,सुजीत यादव ने बताया प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना मे लाखों लोंगो की जाने चली जाती है ' इन सभी समस्याओ को ध्यान में रख कर हम लोंगो ने हेलमेट को तैयार किया है ` हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट में लगे डिवाइस को मोबाइल से कनेक्ट करना होता है कनेक्ट होने पर हेलमेट में लगा डिवाइस एक्टिव हो जाता है हेलमेट में एक इमरजेंसी बटन लगा है जिसे



दबाने पर सेट एम्बुलेंस डॉक्टर या परिवार के सदस्य के नंबर पर कॉल चला जाता है जिससे समय रहते दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई जा सकेछात्र शुभम ने बताया हमने बढ़ते वायु प्रदुषण को भी ध्यान में रखते हुए हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक एयर फिल्टर लगाया है जो प्रदूषित वायु को फिल्टर कर हेलमेट के अंदर शुद्ध हवा पहुँचता है ' आईटीएम के निदेशक डॉ0 एन के सिंह ने बताया हमारे कॉलेज में इन्नोवेशन लैब है जिसमें हमारे छात्र समय -समय पर अपने आईडिया पर रिसर्च कर प्रोजेक्ट तैयार करतें रहते है, इस बार छात्रों ने बढ़ते वायु प्रदुषण व सड़क दुर्घटना से लोंगो की सुरक्षा के लिये खास हेलमेट तैयार किया है जिससे आने वाले दिनों में लोंगो को काफी मदद मिलेगी ' हेलमेट को बनाने में 10 दिनों का समय लगा व लगभग दो हजार रुपए का खर्च आया है ' इसे बनाने में, ब्लूटूथ मॉडुल, 3,7 वोल्टेज बैटरी, एयर फिल्टर, रेड एनडीकेटर, हेलमेट, का प्रयोग किया गया है ' इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया ,सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से डीजे संचालक की मौत

सकलडीहा। चंदौली। डाला छठ महापर्व पर पौनी गांव में ग्रामीणों की ओर से भक्तिगीत के लिये डीजे बुलाया गया था। सोमवार को सुबह उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर डीजे के साथ ग्रामीण लौट रहे थे। इसी बीच स्कूल के समीप लटकती हाईटेंशन की तार की जद में आने से डीजे संचालक की मौत होगयी।



घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने घटना को लेकर अनभिज्ञता जताया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। सदर कोतवाली के नरोजा गांव निवासी घनश्याम जायसवाल का पुत्र राहुल डीजे चलाता था। डाला छठ पर्व पर वह पौनी गांव के तालाब पर डीजे बजाने के लिए वाहन पर डीजे रखकर आया था। वापस ग्रामीणों के साथ लौटते समय डीजे वाहन के ऊपर बैठा 22 वर्षीय राहुल जायसवाल हाई टेंशन की लटकते तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस नीचे गिर गया। घटना के बाद व्रती महिला सहित ग्रामीणों में भगदड़ मच गया। आनन फानन में महिलाओं सहित चालक भागकर जान बचाये। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने नईबाजार स्थित एक निजी हास्पीटल पर ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम गच गया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर नही दिया गया है। बताया जा रहा कि इसी साल मार्च महीने में हुई थी शादी सदर कोतवाली के नरौजा गांव निवासी घनश्याम जायसवाल के तीन पुत्र आकाश जायसवाल, विकास जायसवाल और राहुल जायसवाल है। राहुल सबसे छोटा पुत्र था। डीजे बजाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 12 मार्च 2023 को गाजीपुर जनपद के जमनिया महुजी में निधि जायसवाल से शादी हुई थी। घटना की जानकारी होने पर पिता घनश्याम जायसवाल माता कृपावती देवी सहित भाईयों व परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।

**संजोग ठीक रहा की वाहन में नही उतरा करेंट**- डीजे संचालक राहुल जायसवाल जैसे ही हाईटेंशन तार की चपेट में आया तुरंत ही नीचे गिर पड़ा। समीप में बैठा एक युवक भी देखकर कूद पड़ा। यही नही वाहन चालक भी वाहन छोड़ भाग निकला। घटना के बाद गन्ना और प्रसाद लेकर जा रहे युवक और व्रती महिलायें भी दौड़ पड़ी। ग्रामीणां का कहना था कि संजोग ठीक रहा कि ही वाहन में करेंट नही उतरा। वरना माहौल कुछ और ही होता। बिजली विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों ने जताया विरोध किया।

# संजय को जेल भेज कर आम आदमी की आवाज को दबाने की हो रही कोशिश : जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट

चंदौली। आम आदमी पार्टी ने आज प्रदेश के हर जनपद में घर-घर दस्तक देकर पर्चे बांटे। इन पर्चों में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में आज से आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में अभियान चलाकर प्रथम चरण में 25 लाख घरों में दस्तक देने जा रही है। अभियान के तहत कार्यकता हर घर पहुंच कर अपने सांसद व उ प्र प्रभारी संजय सिंह की ईडी द्वारा की गयी अवैध गिरफ्तारी का काला सच उजागर कर रहे हैं।

मंगलवार को अभियान के तहत आम आदमी पार्टी चंदौली के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित कचहरी चंदौली से पर्चा वितरण अभियान की शुरूआत की और चंदौली सदर बाजार में दुकानदारों को एक-एक दुकान जाकर के पर्चा बांटा तथा घर-घर दस्तक दी। घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर वरिष्ठ अधिवक्ता आम आदमी पार्टी चंदौली के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर संजय सिंह के ऊपर कारवाई की गई है। पर्चे में नारा दिया गया है कि मरना मंजूर है पर डरना नहीं। मतलब साफ है कि पार्टी नेता,कार्यकता अब दबने व डरने वाले नहीं है। वह संजय सिंह की लड़ाई को आर-पार ले जाना चाहते हैं। पर्चा बांट रहे कार्यकताओं का जोश बढ़ाने के लिए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में टुकड़ियां बनायी गयी हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर दस्तक दे रही हैं।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने बताया कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। जब उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया। लेकिन संजय सिंह तब और हमलावर हो गये और उन्होने प्रधानमंत्री और अडानी के भ्रष्टाचार का सच उजागर करना शुरू कर दिया। कहा गया कि संजय सिंह ने जब केंद्र सरकार और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो संजय सिंह को जेल भेजने की साजिश रची गयी।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि संजय सिंह ने राजनीति का स्वच्छ चेहरा बनने की कोशिश की और काले कारनामों से दूर रहे। कोरोना काल में आम आदमी के लिए संघर्ष करना हो चाहे सबके लिए आगे आकर लड़ना हो, सबमें संजय सिंह सबसे आगे खड़े रहे। उन्होंने कहा कि संजय सिंह ने किसान बिल पर मोदी सरकार को घेरा । अडानी की लूट का पदार्फाश किया। केंद्र सकरार के भ्रष्ट व संगीन अपराधों का खुलासा करते हुए मोदी-अडानी गठजोड़ के जरिये देश को लूटने की साजिशों का बुलंद आवाज में विरोध किया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि संजय सिंह की इन्हीं सब नीतियों और केजरीवाल सरकार के माडल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ते देख मोदी सरकार ने अपने दोनों नुमाइंदों ईडी और सीबीआई के जरिये पहले सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को जेल में डाला और शराब नीति के झूठे बवंडर में सबको घेरने की कोशिश कर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची। दिलचस्प यह है कि आज तक ईडी और सीबीआई एक भी सुबूत पेश नहीं कर सकी है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आज हम सबने पर्चो को बांट कर देश को जागरूक करने का काम किया है। ताकि देश की जनता को सच पता चल सके। जिला उपाध्यक्ष ज्ञान पांडे ने कहा संजय सिंह शेर हैं वे ना तो डरेंगे ना ही झुकेंगे।

जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवानंद चौबे ने कहा आम आदमी पार्टी क न तो झुकेगी और न ही डरेंगी। मुगलसराय विधानसभा अध्यक्ष राजेश द्विवेदी उर्स मुन्नू गुरु ने कहा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और मोदी के भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे।

जिला सचिव राजकुमार पासवान ने कहा कि हम भाजपा के काले कारनामों को बताने का काम करेंगे। मुगलसराय नगर सचिव रंजीत कुमार ने कहा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार मिटाने के लिए बनी है और हम उनके भाजपा के कारनामों को घर-घर बताएंगे ।अश्वनी पाठक ने कहा आम आदमी पार्टी देश की उभरती एकलौती पार्टी है, इसे नरेंद्र मोदी जी कुचलना चाहते हैं इसे हम होने नहीं देंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट , जिला उपाध्यक्ष ज्ञान पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवानंद चौबे, जिला सचिव राजकुमार पासवान,चकिया सभा अध्यक्ष राजेश द्विवेदी उर्फ मुन्नू गुरु अश्विनी पाठक, राकेश तिवारी, मुगलसराय नगर सचिव रंजीत कुमार, रमेश शर्मा, अभिजीत, रमेश शर्मा , दिलीप कुमार एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान चंदौली बाजार में रामदुलारे मौर्य, विवेक कुमार गुप्ता, कुशल, उज्जवल, वकील, सुनील कुमार, बंटी कुमार, संदीप गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार, शिव कुमार आदि लोगों को परिचय दिए गए और सांसद संजय सिंह जी की गिरफ्तारी क्यों?

## संक्षिप्त खबरें

### वर्ल्ड रोटी डे के अवसर पर द मर्सी क्लब ने बांटे लंच पैकेट



प्रखर जौनपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था द मर्सी क्लब ने आज वर्ल्ड रोटी डे के अवसर पर लगभग 2000 लंच पैकेट तैयार करवा कर उनको जरूरतमंदों के बीच में बांटा इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष एजाज हाशमी ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब सूखे की मार झेल रहे बहुत सारे देशों में खाने के लिए लोगों में भुखमरी फेल गई और लोग रोटी के लिए तरसने लगे तो आज ही के दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोटी डे के रूप में मनाया जाने लगा ताकि हर जरूरतमंद तक रोटी पहुंच सके। इस मौके पर मीडिया प्रवक्ता रियाजुल हक ने बताया कि लोगों को खाना खिलाना खासकर भूखे लोगों को यह हर धर्म और हर संप्रदाय में पुण्य का काम माना गया है। क्लब के लोगों ने सितमसराय,जलालपुर कस्बा व शहर के विभिन्न भागों में लंच पैकेट बांटे, इस मौके पर वाजिदपुर तिराहा पर समाजसेवी पवन कुमार प्रजापति ने मलिन बस्ती में जाकर लंच पैकेट बटवाए, वहीं नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने पठान टोला और नूर खां कुंआ स्थित बस्ती में जाकर लंच पैकेट बांटे।मुख्य रूप से नीरू अहमद,रतनलाल मौर्य,अशोक कुमार,शोभना स्मृति,राजेश सिंह,मोहम्मद कलीम,खालिक मंसूरी,बख्तियार,शब्बीर हैदर,सद्दाम सिद्दीकी,जितेंद्र इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली



प्रखर पिंडरा वाराणसी। मतदाता सूची के लिए चलाये जा रहे विशेष कैम्प के सफलता और महिलाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पिंडरा विकास खण्ड के एक दर्जन परिषदीय विद्यालयों के छोटे बच्चों द्वारा बड़ो लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर, मरुई, जगदीशपुर, हिवरनपुर, हिरामनपुर तथा प्राथमिक विद्यालय जमापुर, अहिरावीर, सुरही, पतिराजपुर,बाबतपुर एडी, जलालपुर, मुर्दी, गाडर व थानारामपुर समेत अनेक स्कूलों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो गांव के बस्तियों व पगडण्डी से होते हुए स्कूल में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान मतदान हमारा अधिकार, इससे होता भविष्य का निर्माण, मतदान सबका अधिकार इसका करो दान समेत अनेक स्लोगन लिखे तख्तियां लिए बच्चे चल रहे थे। इस दौरान ग्रामीण युवा महिला व पुरुषों से वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का आह्वान किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने बताया कि यह अभियान प्राथमिक विद्यालयों के द्वारा निकाला गया जिससे बूथ अभियान में लोग चढ़ बढ़ कर अपना नाम जोड़ने के साथ संशोधन करा सके।

### बाल यीशु चर्च के शोभायात्रा मे शामिल होंगे दस हजार से अधिक मसीही

पीडीडीयू नगर। नगर के यूरोपियन कॉलोनी स्थित क्राइस्ट द किंग बाल यीशु चर्च से तीन दिसंबर की दोपहर में एक बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुंबई बैंड के साथ निकलने वाले शोभायात्रा की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। शोभायात्रा में देश भर से दस हजार से अधिक संख्या में मसीही समुदाय के लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा के बाद मिस्सा बलिदान और नोविना प्रार्थना की जाएगी। इसके पूर्व साप्ताहिक पूजा के तहत चर्च में चंगाई प्रार्थना की शुरूआत होगी। देश के तीन बाल यीशु तीर्थ चर्च में शामिल यूरोपियन कॉलोनी स्थित चर्च से प्रतिवर्ष दिसंबर से पहले अथवा नवंबर के आखिरी रविवार को शोभायात्रा निकाली जाती है। इसमें देश के कोने-कोने से मसीही समुदाय के लोग शामिल होते हैं। इसकी तैयारी एक माह पहले से ही शुरू हो जाती है। शोभायात्रा में डेढ़ दशक पहले तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा भी शामिल हो चुके हैं। चर्च के फादर विजय शांतिराज ने इस वर्ष भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, सोनभद्र सहित पूवांचल के सभी जिलों के साथ यूपी के प्रयागराज, गोरखपुर, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, एमपी, छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न इलाकों से दस हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ताइवान में हसियाओ उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी

**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में आगे चल रहे विलियम लाई ने अमेरिका में देश की राजदूत रहीं हसियाओ बीकी को अपना उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है। उपराष्ट्रपति विलियम लाई ने जनवरी में होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को अपने फेसबुक पेज पर जापान में ताइवानी पिता और अमेरिकी मां के घर में जन्मीं हसियाओ के नामांकन की घोषणा की। इस कदम से लाई की सत्तारूढ डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव पार्टी के समर्थकों का विश्वास मजबूत हो सकता है। इस पार्टी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के शासन को स्वीकार करने की बीजिंग की मांगों को लंबे समय से खारिज किया है। लाई और हसियाओ का सामना नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले बंटे हुए विपक्ष से होगा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में लाई आगे चल रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि चीन कारोबारी समूहों और मीडिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। लाई इस समय देश के राष्ट्रपति साई इंग-वेन के प्रशासन में उपराष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे हैं। इंग-वेन नियमानुसार तीसरी बार चार साल के एक और कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते। लाई ने फेसबुक पर अपने पोस्ट में लिखा कि ताइवान के प्रमुख सहयोगी देश अमेरिका के साथ सहयोग के लिए हसियाओ का रुख महत्वपूर्ण रहा है।

### अमेरिका : गोलीबारी में दो लोगों की मौत, तीन घायल

**तुलसा (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण मध्य राज्य ओकलाहोमा में रविवार को सुबह एक घर में एक सभा के दौरान हुई बहस के बाद गोलीबारी होने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तुलसा पुलिस ने बताया कि देर रात करीब दो बजे अधिकारियों को इस घटना की सूचना मिली। हालांकि, पुलिस ने अभी यह जानकारी साझा नहीं की है कि कितने लोगों ने गोलीबारी की या किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नहीं। साथ ही, गिरफ्तारी को लेकर भी कुछ नहीं बताया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

### मैक्सिको में टॉवर गिरने से पांच श्रमिकों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिको में एक सड़क परियोजना से जुड़े निर्माण के दौरान 50 फुट ऊंचे मचान (स्कैफोल्डिग टॉवर) के गिरने से पांच श्रमिकों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मजदूर शनिवार को राजमार्ग के दोनों तरफ बनने वाली सुरक्षा दीवार के बीच सीमेंट डालने का काम कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान 'स्कैफोल्डिग टॉवर' गिर पड़ा और लोहा तथा धातु तथा गीले सीमेंट में फंसकर श्रमिकों की मौत हो गई। परिवहन विभाग ने बताया कि दुर्घटना केंद्रीय राज्य हिडाल्गो में हुई और घटनास्थल पर मौजूद सभी कर्मियों को मलबे से निकाल लिया गया है।

### तोशाखाना : 30 तक शरीफ का बयान दर्ज करने का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना मामले में भ्रष्टाचाररोधी ब्यूरो को 30 नवंबर तक पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का बयान दर्ज करने का आदेश दिया है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख शरीफ (73) के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई की। शरीफ लंदन में करीब चार साल स्व-निर्वासन में रहने के बाद 21 अक्टूबर को स्वदेश लौटे हैं। शरीफ के वकील काजी मिसबाह ने मामले में पूर्व प्रधानमंत्री के बयान दर्ज करने के लिए अदालत से ब्यूरो को निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि ब्यूरो नवाज का बयान दर्ज करे।' जवाबदेही ब्यूरो के वकील ने याचिका का अध्ययन करने के लिए समय मांगा। वहीं, न्यायाधीश बशीर ने ब्यूरो को मामले में 30 नवंबर तक शरीफ का बयान दर्ज करने का आदेश दिया और तब तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। न्यायाधीश को उद्धृत करते हुए खबर में कहा गया है, 'क्या समस्या है ? नवाज शरीफ को बुलाइए और उनका बयान दर्ज करें।'

## भारत-ब्रिटेन के प्रस्तावित 'एफटीए' में नियम बना अड़चन



**विशेषज्ञों के अनुसार, भारत को शुल्क में रियायत देने से बचना चाहिए**

**नई दिल्ली।** मेडिकल उपकरण क्षेत्र के लिए 'उत्पत्ति का नियम' भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) में एक अड़चन बना हुआ है तथा मतभेदों को दूर करने के लिए वार्ता जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्पत्ति का नियम किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्रोत को निर्धारित करने के लिए आवश्यक मानदंड हैं। इसका महत्व इस तथ्य से पता चलता है कि कई मामलों में शुल्क और प्रतिबंध आयात के स्रोत पर निर्भर करता है। भारत में मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में काफी संभावना है क्योंकि यह अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत अमेरिका, जर्मनी, चीन, सिंगापुर और नीदरलैंड से आयात करता है, जो देश के लिए इन उपकरणों के शीर्ष निर्यातक बने हुए हैं। अधिकारी ने कहा, 'मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में, उत्पत्ति के नियम से जुड़े कई मुद्दे हैं। सीमा शुल्क में रियायत की मांग भी एक मुद्दा है।' उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा क्षेत्रों में मतभेदों को दूर करने के लिए दोनों देशों के बीच वार्ता जारी है।

सरकार ने मेडिकल उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढावा देने और इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस तरह की योजनाओं/पहल में मेडिकल डिवाइस पार्क, राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन, और (मेडिकल उपकरण) क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शामिल है। देश में आयात किए जाने वाले मेडिकल उपकरणों की छह मुख्य श्रेणियां हैं, जिनमें एक बार उपयोग में लाए जाने वाले चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण, प्रतिरोपण, सर्जिकल उपकरण आदि शामिल हैं।

'उत्पत्ति का नियम' प्रावधान एफटीए वाले देश में न्यूनतम प्रसंस्करण का प्रावधान करता है ताकि अंतिम विनिर्मित उत्पाद को उस देश में तैयार वस्तु कहा जा सके। इस प्रावधान के तहत, भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करने वाला देश किसी तीसरे देश से वस्तुओं पर महज 'लेबल' लगाकर उन्हें भारतीय बाजार में नहीं भेज सकता। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत को शुल्क में रियायत देने से बचना चाहिए क्योंकि यहां सरकार इन उपकरणों के घरेलू स्तर पर विनिर्माण को बढावा दे रही है। मेडिकल उपकरणों के लिए निर्यात संवर्द्धन परिषद के राजिंदर सिंह कंवर ने कहा, ''भारत उन उपकरणों को रियायत देने पर विचार कर सकता है जो भारत में विनिर्मित नहीं हैं।' इस समझौते के लिए भारत और ब्रिटेन के बीच वार्ता में करीब 26 नीतिगत क्षेत्रों/अध्यायों को शामिल किया गया है।

भारत ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित समझौते के तहत अपने फार्मास्यूटिकल्स उत्पादों के लिए वहां वृहद बाजार तलाश रहा है। अधिकारी ने कहा, 'फार्मा क्षेत्र में, हम भारत-ब्रिटेन समझौते से एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद कर रहे हैं।' भारत और ब्रिटेन ने एफटीए के लिए जनवरी 2022 में वार्ता शुरू की थी, जिसका लक्ष्य दिवाली (24 अक्टूबर 2022 तक) वार्ता संपन्न करना था लेकिन ब्रिटेन में राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते यह समय सीमा चूक गई थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 के 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढकर 2022-23 में 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया।

## दक्षिणपंथी मिलेई बने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति



**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) (एपी)।** धुर दक्षिणपंथी जेवियर मिलेई ने रविवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। अपने धुर दक्षिणपंथी लोकलुभावन चुनावी अभियान के दौरान मिलेई ने बढ़ती मुद्रास्फीति और बढ़ती गरीबी से निपटने के लिए देश में बदलाव लाने का वादा किया था। अर्जेंटीना के चुनाव प्राधिकरण के अनुसार राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में कुल 99.4 प्रतिशत वोट में मिलेई को 55.7 प्रतिशत और वित्त मंत्री सर्जियो मासा को 44.3 प्रतिशत वोट मिले। दक्षिण अमेरिकी देश में 1983 में लोकतंत्र की वापसी के बाद से राष्ट्रपति पद की दौड़ में यह जीत का सबसे बड़ा अंतर है।

**'कठोर' बदलाव का वादा किया**

**बोलसोनारा, ट्रंप ने जीत पर बधाई दी**

ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर मोटर वाहन चालकों ने हॉर्न बजाकर और कई इलाकों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जीत का जश्न मनाया। मिलेई के पार्टी मुख्यालय के बाहर ब्यूनस आयर्स शहर के एक होटल में जश्न मनाया गया जिसमें समर्थकों ने गीत-संगीत की धुन पर नाच-गाकर जश्न मनाया। व लोगों ने अर्जेंटीना के झंडे और पीले गैड्सडेन झंडे को लहराया जिस पर लिखा था, 'डोंट ट्रेड ऑन मी'। इस प्रतीक को अक्सर एकजुटता दिखाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और मिलेई ने अपने चुनावी आंदोलन में इसका जोर शोर से इस्तेमाल किया था। मिलेई ने जीत के बाद अपने संबोधन में कहा, 'अर्जेंटीना का पुनर्निर्माण आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने समर्थकों से कहा, 'अर्जेंटीना की स्थिति गंभीर है। हमारे देश को जिन परिवर्तनों की आवश्यकता है वे बहुत बड़े हैं। क्रमिकता के लिए कोई जगह नहीं है, हल्के उपायों के लिए कोई जगह नहीं है।' मिलेई के संबोधन के दौरान समर्थकों ने 'आजादी, आजादी' के नारे लगाए। मासा की सत्तारूढ़ पेरोनिस्ट पार्टी ने हार स्वीकार कर ली और कहा कि अर्जेंटीना ने दूसरा मार्ग चुना है मासा ने कहा, 'राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कार्यों की गारंटी देना अब नए राष्ट्रपति की जिम्मेदारी है।

## डूबे तुर्किश जहाज के एक कर्मी की मौत, 11 लापता

**अंकारा (एपी)।** तुर्किये के काला सागर तटीय क्षेत्र के पास तूफान के दौरान डूब गए एक मालवाहक जहाज के चालक दल की तलाश कर रहे बचाव दल को सोमवार को एक कर्मी का शव मिला, वहीं 11 अन्य सदस्य लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्किये का झंडा लगा जहाज 'काफकामेटलर' इस्तांबुल से करीब 200 किलोमीटर दूर इरेगली शहर में समुद्र तट के पास बने एक ढांचे से टकराने के बाद डूब गया था। परिवहन और अवसंरचना मंत्री अब्दुलकादिर उरालोगलू ने कहा कि यह जहाज तुर्किये के पश्चिमी बंदरगाह इजमिर की ओर जा रहा था। उरालोगलू ने कहा कि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान कई घंटे तक रुका रहा, लेकिन सोमवार को हालात सामान्य होने के बाद चालक दल की तलाश शुरू की गई तो पोत में तैनात रसोइये का शव मिला।

इसी तरह कैमरून का ध्वज लगा पल्लाडा जहाज इरेगली के पास पांच मीटर तक ऊंची लहरों में फंसकर दो हिस्सों में टूट गया था। इस पर सवार सभी 13 कर्मी सुरक्षित हैं। समुद्री महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। तुर्किये में एक अन्य घटना में दक्षिणी प्रांतों दियारबाकिर और बटमान में भारी बारिश के कारण आई बाढ में 4 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

# अब गाजा में दूसरे अस्पताल के पास छिड़ी लड़ाई

**खान यूनिस (गाजा पट्टी) (एपी)।** उत्तरी गाजा में उस अस्पताल के आसपास सोमवार को भारी लड़ाई शुरू हो गई जहां हजारों मरीज और विस्थापित लोगों ने हफ्तों से शरण ले रखी है। इस्राइली सुरक्षा बलों का ध्यान अस्पताल को खाली कराने पर केंद्रित है। उनका कहना है कि हमास के आतंकवादी सुरक्षा ढाल के तौर पर इस अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंडोनेशियाई अस्पताल की ओर सुरक्षा बलों के बढ़ने से एक दिन पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा शहर में शिफा अस्पताल से समय पूर्व पैदा हुए 31 शिशुओं को बाहर निकाला। इस्राइली सुरक्षा बलों के परिसर में प्रवेश करने के बाद अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार या घायल 250 मरीज मौजूद हैं।

इस्राइल का कहना है कि हमास नागरिकों को मानव ढाल के रूप में उपयोग करता है, जबकि आलोचकों का कहना है कि इस्राइल की घेराबंदी और लगातार हवाई बमबारी क्षेत्र के 23 लाख फलस्तीनियों के लिए सामूहिक सजा बन गई है।

इंडोनेशियाई अस्पताल के एक चिकित्सा कर्मचारी मारवान अब्दुल्ला ने कहा कि खिड़कियों से इस्राइली टैंक दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''आप उन्हें



इधर-उधर घूमते और गोलीबारी करते हुए देख सकते हैं। महिलाएं और बच्चे डरे हुए हैं। लगातार विस्फोटों और गोलियों की आवाजें आ रही हैं।'' अब्दुल्ला ने कहा कि अस्पताल में रात भर हवाई हमलों और गोलाबारी में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मचारियों और विस्थापित लोगों को डर है कि इस्राइल अस्पताल को घेर लेगा और उसे खाली करने के लिए मजबूर करेगा।

वर्तमान में दक्षिणी गाजा में मौजूद स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने कहा कि इस्राइली सुरक्षा बलों ने अस्पताल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 12 लोग मारे गए। रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि करीब 600 मरीज, 200 स्वास्थ्यकर्मी और 2,000 विस्थापित लोग वहां शरण लिए हुए हैं। इस्राइली सेना ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था डब्ल्यूएचओ उन शिशुओं को सुरक्षित रूप से निकालने में सफल रही जो गंभीर स्थिति में थे।

**डब्ल्यूएचओ ने गाजा शहर में शिफा अस्पताल से समय पूर्व पैदा हुए 31 शिशुओं को बाहर निकाला**

उन्हें शिफा से दक्षिणी गाजा के एक अस्पताल में ले जाया गया और उन्हें पड़ोसी मिस्र के एक अस्पताल में ले जाने की योजना है। गाजा अस्पतालों के निदेशक मोहम्मद जकाउत के अनुसार, निकासी से पहले दो दिनों में चार अन्य शिशुओं की मृत्यु हो गई।

शरीर की चोटों में गंभीर रूप से संक्रमण फैलने के और अन्य अत्यावश्यक स्थितियों वाले 250 से अधिक मरीज शिफा में मौजूद हैं, जो क्षेत्र में व्याप्त पानी, चिकित्सा आपूर्ति और आपातकालीन जनरेटर के लिए ईंधन की कमी के कारण उपचार प्रदान नहीं कर सकता है। पिछले बुधवार को अस्पताल में प्रवेश करने से पहले इस्राइली सुरक्षा बलों ने इसके द्वार के बाहर फलस्तीनी उग्रवादियों से लड़ाई की। इस्राइल की सेना ने कहा कि उसके पास अपने दावों के समर्थन में मजबूत सबूत हैं कि हमास ने अस्पताल के 20 एकड़ परिसर के अंदर और नीचे एक विशाल कमांड पोस्ट बना रखा है, जिसमें कई इमारतें, गैरेज और एक प्लाजा शामिल हैं। इस्राइल बार बार फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा को छोड़ने और उन्हें दक्षिण की ओर जाने का आदेश दे रहा है। युद्ध की शुरुआत के बाद से ही यह क्षेत्र भारी हवाई बमबारी का निशाना बन रहा है।

गाजा की कुल आबादी के करीब एक तिहाई यानी करीब 17 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं और संयुक्त राष्ट्र के अनुसार करीब नौ लाख लोगों ने संयुक्त राष्ट्र संचालित शिविरों में शरण ली है। अंतरराष्ट्रीय सहायता समूह 'डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में शनिवार को हुए हमले में 70 लोग मारे गए हैं और कम से कम 52 घायल हुए हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों के अनुसार, गाजा में 11,500 से अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य 2,700 लोग लापता हैं जिन्हें माना जाता है कि वे मलबे में दफन हैं। सात अक्टूबर को हमास के हमले में इस्राइल के करीब 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। हमास इस दौरान 240 बंधकों को अपने साथ गाजा ले गया था। सेना ने कहा कि 63 इस्राइली सैनिक मारे गए हैं। हमास ने चार बंधकों को रिहा किया है, इस्राइल ने एक को मुक्त कराया है और दो के शव शिफा अस्पताल के बाहर बरामद किए गए हैं।

## रेलवे व सरकारी औद्योगिक संस्थानों के कर्मी करेंगे आज व कल गुप्त मतदान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आर-पार का रास्ता अख्तियार कर लिया है। निरंतर धरना-प्रदर्शन के बाद अब रेलवे एवं अन्य केंद्रीय औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारी 21-22 नवंबर को गुप्त मतदान करेंगे। इन दो दिनों के मतदान में आए कर्मचारियों के मतों के आधार पर हड़ताल का फैसला लिया जाएगा। रेलवे एवं अन्य औद्योगिक संस्थानों में हड़ताल पर जाने से पहले कर्मचारियों के मतों की मंजूरी जरूरी है। लिहाजा उनके मतों के लिए गुप्त मतदान किया जाएगा।

आल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्र ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के गत दस अगस्त 2023 को यहां रामलीला मैदान में रैली आयोजित किया था। इसके बाद मुंबई में बीते 8 और 9 नवंबर 2023 को आयोजित वाषिक अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार रेल कर्मचारियों, रक्षा विभाग के कर्मारियों सहित तथा अन्य सरकारी औद्योगिक संस्थानो के कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी 21-22 नवंबर को पूरे भारतीय रेलवे, रक्षा विभाग के साथ अन्य सरकारी औद्योगिक सस्थानो में देशव्यापी हडताल के लिए 'गुप्त मतदान कराया जाएगा, जिसके आधार पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हडताल की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान के आधार पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि सुनिश्चित की जाएगी।

## चुनावी राज्यों में 1,760 करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थ नकदी, शराब जब्त : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि पांच चुनावी राज्यों में 1,760 करोड़ रुपये से अधिक की मुफ्त चीजें, मादक पदार्थ, नकदी, शराब और कीमती सामान जब्त की जा चुकी हैं, और दावा किया कि यह सभी चीजें मतदाताओं को लुभाने के लिये थीं। आयोग ने बताया कि नौ अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से अब तक की गई जब्ती इन राज्यों में 2018 में पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान की गई जब्ती से सात गुना (239.15 करोड़ रुपये) से अधिक है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुके हैं, जबकि राजस्थान में 25 और तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।

आयोग के एक बयान के अनुसार, इससे पहले छह राज्यों- गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के दौरान 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों में की गई जब्ती से 11 गुना अधिक थी। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि पांच राज्यों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते समय, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सभी उम्मीदवारों और दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के मद्देनजर प्रलोभन मुक्त चुनाव पर जोर दिया था। बयान में कहा गया कि इस बार, आयोग ने चुनाव व्यय निगरानी प्रणाली (ईएसएमएस) के माध्यम से निगरानी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को भी शामिल किया है जो एक उत्प्रेरक साबित हो रहा है, क्योंकि इसने बेहतर समन्वय और खुफिया जानकारी साझा करने के लिए केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाने का काम किया।

## सूक्ष्म प्लास्टिक कण बन सकते है डिमेंशिया की वजह

**नई दिल्ली (भाषा)।** मस्तिष्क में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले एक विशेष प्रोटीन के नैनोप्लास्टिक से संपर्क में आने पर ऐसे बदलाव होते हैं जो पार्किंसन रोग और डिमेंशिया का कारण हो सकते हैं। एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है।

'साइंस एडवांसेस' नाम के जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन ने मानव जीवविज्ञान पर पर्यावरण कारकों के समय के साथ पड़ने वाले प्रभाव समेत अनुसंधान का एक नया रास्ता खोल दिया है। अमेरिका के ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में प्रोफेसर एंड्रयू वेस्ट के मुताबिक, 'पार्किंसन रोग को विश्व में सबसे तेजी से बढ़ता मस्तिष्क संबंधी विकार कहा जा रहा है। विभिन्न प्रकार के डेटा से यह पता चलता है कि इस रोग में पर्यावरण संबंधी कारकों की अहम भूमिका हो सकती है। हालांकि इनकी व्यापक रूप से पहचान नहीं हो सकी है।' हाल के अध्ययन में पाया गया है कि प्लास्टिक का ठीक तरह से निस्तारण नहीं होने पर यह बहुत ही छोटे टुकड़ों में टूट जाता है और पानी तथा खानपान की वस्तुओं में जमा हो जाता है। यह वजह है कि यह ज्यादातर वयस्क लोगों के रक्त में यह पाया जाता है।

## आस्ट्रेलियाई पीएम ने चीन की आलोचना की



**कैनबरा (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने चीनी और ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत के बीच 'खतरनाक' मुठभेड़ को लेकर सोमवार को चीन की आलोचना की। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से हाल में हुई बातचीत के दौरान इस मुद्दे को उनके समक्ष उठाया था या नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुद्रीय क्षेत्र में एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धक जहाज के निकट चीनी विध्वंसक जहाज ने जब सोनार प्रणाली का इस्तेमाल किया तो इससे एक ऑस्ट्रेलियाई गोताखोर घायल हो गया। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने शनिवार को कहा कि उन्होंने विध्वंसक जहाज के असुरक्षित और गैर-पेशेवर व्यवहार के बारे में बीजिंग के समक्ष गंभीर चिंताएं जताई हैं। मुठभेड़ और मार्ल्स के बयान के बीच, अल्बनीज ने सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत नेताओं के शिखर सम्मेलन के मौके पर शी से बात की।

**ऑस्ट्रेलियाई गोताखोर के घायल होने पर आई प्रतिक्रिया**

अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि शी के साथ उनकी चर्चा औपचारिक द्विपक्षीय बैठक के बजाय निजी थी। अल्बनीज ने अपने संसद भवन कार्यालय में 'स्काई न्यूज' को बताया, 'मैं किसी भी विश्व नेता के साथ होने वाली व्यक्तिगत बैठकों, चर्चाओं के बारे में बात नहीं करता।' अल्बनीज ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जो एक अफसोसजनक घटना है। यही कारण है कि हमने हमारे लिए उपलब्ध सभी मंचों पर सभी उचित संपर्कों के माध्यम से बहुत स्पष्ट रूप से बहुत सीधे तौर पर चीन के सामने अपनी कड़ी आपत्तियां रखी हैं।'

## सैन्य प्रतिष्ठानों के हमलावरों को बख्शा नहीं जाए : पाक पीएम

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने कहा कि इस साल नौ मई को सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हुए अभूतपूर्व हमलों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए और उन पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। 'जियो न्यूज' के साथ रविवार को एक साक्षात्कार में, काकड़ ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में नौ मई की हुई घटनाओं का जिक्र किया।



काकड़ ने कहा कि अगर लोग देश की सुरक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही हमला करते हैं तो उन पर कानून के मुताबिक सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। नौ मई की हिंसा में कथित रूप से शामिल लोगों के सैन्य मुकदमों को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ सरकार की अपील पर, काकड़ ने कहा, 'यह बिल्कुल उचित है कि अगर किसी ने किसी सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला किया तो उसके खिलाफ सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने उनकी सरकार पर कुछ राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपाती होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आम चुनाव कराना तथा निर्वाचित सरकार को जिम्मेदारियां सौंपना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव की 'पारदर्शिता' के बारे में दो प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, काकड़ ने रविवार रात कहा कि 'पीड़ित कार्ड' का खेल कोई भी राजनीतिक दल आसानी से खेल सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल आम तौर पर अपने मतदाताओं को अलग-अलग तरीकों से आकर्षित करने की कोशिश करते हैं और ऐसे आरोप उनकी रणनीति हो सकते हैं। पाकिस्तान में अगले साल आठ फरवरी को चुनाव होने हैं।

## जापान के परमाणु संयंत्र से शोधित जल सुरक्षित तरीके से छोड़ा : संचालक

**तोक्यो (एपी)।** जापान के क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से प्रशांत महासागर में उपचारित रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को तीसरी बार छोड़े जाने की प्रक्रिया तय योजना के अनुसार सुरक्षित रूप से समाप्त हो गई। संयंत्र के संचालकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के 'सी फूड' उत्पादकों को हालांकि पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लगाए गए चीनी आयात प्रतिबंध से परेशानी हो रही है। सी फूड का आशय समुद्री जल से प्राप्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, झींगा, ऑक्टोपस, सीप, कुछ प्रकार के शैवाल आदि से है।

परमाणु संयंत्र में 2011 में भीषण भूकंप और सुनामी से क्षतिग्रस्त होने के बाद बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल जमा हो गया है। संचालकों ने 24 अगस्त को उपचारित और अपशिष्ट जल की तीव्रता को कम कर उसे समुद्र में छोड़ना शुरू किया और सोमवार को 7,800 टन शोधित जल को समुद्र में छोड़ने की प्रक्रिया को समाप्त किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में दशकों का समय लगेगा। रेडियोधर्मी जल को महासागर में छोड़े जाने का मछली पकड़ने वाले समूहों और चीन सहित पड़ोसी देशों ने कड़ा विरोध किया है। चीन ने जापानी समुद्री भोजन के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे जापानी उत्पादकों और स्कैलप्स और अन्य समुद्री भोजन के निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान हुआ है। संयंत्र के संचालक, तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स ने कहा कि तीसरी बार पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया पूर्व की तरह सुचारू रूप से चली और उसके तथा सरकार द्वारा लिए गए समुद्री नमूनों से पता चला कि सभी चयनित रेडियोन्यूक्लाइड का स्तर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से काफी कम था।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री अचानक यूक्रेन पहुंचे

**वाशिंगटन (एपी)।** यूक्रेन में धन और हथियारों के आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक हाई-प्रोफाइल प्रयास के तहत अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को अचानक यूक्रेन की यात्रा की। हालांकि, इस्राइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न नए वैश्विक जोखिमों के कारण अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय संसाधन प्रभावित हुए हैं। पोलैंड से ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे ऑस्टिन का यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने और देश की तत्काल सैन्य जरूरतों को लेकर सार्वजनिक रूप से जोर देने का कार्यक्रम है क्योंकि रूस-यूक्रेन के मध्य लड़ाई जारी है और भीषण सर्दी आने वाली है।

**'एक्स' पर लिखा : अमेरिका रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा**

यह ऑस्टिन की कीव की दूसरी यात्रा है, लेकिन इस बार की यात्रा वह बहुत अलग परिस्थितियों में कर रहे हैं। उनकी पहली यात्रा रूस के आक्रमण के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में हुई थी। ऑस्टिन ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रयास शुरू किया जिसके तहत अब 50 देशों की मासिक बैठक होती है ताकि इस बात पर समन्वय किया जा सके कि कीव को कौन से हथियार, प्रशिक्षण और अन्य सहायता दी जा सकती है। ऑस्टिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैं आज एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए यहां आया हूं - अमेरिका रूस की आक्रामकता के खिलाफ आजादी की लड़ाई में यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।' लेकिन गाजा में संघर्ष यूक्रेन की लड़ाई से ध्यान और संसाधन की आपूर्ति में कमी ला सकता है। सात अक्टूबर को इस्राइल पर हमास के हमले और उसके बाद इस्राइल द्वारा गाजा पर कई हफ्तों तक की गई विनाशकारी बमबारी के बाद से अमेरिका ने उन हमलों को क्षेत्रीय युद्ध में बदलने से रोकने के लिए तेजी से काम किया है, जिसमें 10,000 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन को अब तक अमेरिका से 44 अरब अमेरिकी डॉलर और अन्य सहयोगियों से 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार मिले हैं, जिसमें लाखों गोलियों से लेकर वायु रक्षा प्रणाली, उन्नत यूरोपीय और अमेरिकी युद्ध टैंक और आखिर में एफ-16 लड़ाकू जेट विमान की आपूर्ति का वादा शामिल है। यूक्रेन को अभी और अधिक की मदद की जरूरत है और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के लगभग 20 महीनों के बाद इसमें कमी दिखाई देने लगी हैं। पोलैंड जैसे कुछ यूरोपीय देशों ने अपनी रक्षा के लिए पर्याप्त क्षमता बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समर्थन कम कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओबेरॉय ने जमीन खरीदी

नई दिल्ली। ओबेरॉय रियल्टी ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) संपत्ति बाजार में प्रवेश करते हुए लक्ज़री आवास परियोजना विकसित करने के लिए गुरुग्राम में 597 करोड़ रुपये में करीब 15 एकड़ जमीन खरीदी है। मुंबई स्थित कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर-58 में 59,956.20 वर्ग मीटर के बराबर करीब 14.816 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए आइरियो रेजिडेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के साथ बिक्री समझौता किया है।'

### एलएंडटी को ठेका

नई दिल्ली। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के हाइड्रोकार्बन कारोबार को पश्चिम एशिया में एक बड़ा ठेका मिला है। कंपनी 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को 'बड़ी' (अल्ट्रा मेगा) श्रेणी में वर्गीकृत करती है। हालांकि, उसने इस ठेके के मूल्य आकार की जानकारी नहीं दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, 'एलएंडटी के हाइड्रोकार्बन व्यवसाय (एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन एलटीईएच) को पश्चिम एशिया में एक प्रतिष्ठित ग्राहक से बड़े ठेके के लिए आशय पत्र मिला है।'

### एलटीटीएस का करार

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग सेवा कंपनी लार्सन एंड टुब्रो टेक्नोलॉजी सर्विसेज (एलटीटीएस) ने जनरल (कृत्रिम मेधा) एआई का इस्तेमाल करके 'मेडिकल इमेजिंग' को बेहतर बनाने के लिए अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी एनवीआईडीआईए के साथ साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, साझेदारी का मकसद 'मेडिकल इमेजिंग' की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए चिकित्सकीय उपकरणों के लिए सॉफ्टवेयर-आधारित आर्किटेक्चर विकसित करना है। यह जानकारी एमडी एवं सीईओ अमित चड्ढा ने दी।

### टीसीएस ने किया समझौता

नई दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आस्ट्रेलियाई बाजार को अगली पीढ़ी का समाशोधन व निपटान मंच प्रदान करने के लिए आस्ट्रेलियाई प्रतिभूति विनिमय एएसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एएसएक्स बदलाव को सक्षम करने के लिए बाजार के बुनियादी ढांचे के लिए टीसीएस बीएएनसीएस लागू करेगा। टीसीएस उत्पाद का इस्तेमाल नकद इक्विटी समाशोधन व निपटान के लिए एएसएक्स के मौजूदा मंच को बदलने के लिए किया जाएगा। यह जानकारी बीएफएसआई उत्पादों और मंचों के लिए टीसीएस के अध्यक्ष विवेकानंद रामगोपाल ने दी।

# पर्सनल लोन से जुड़े नियमों को सख्त बनाना सही कदम

**■ रिजर्व बैंक ने व्यक्तिगत और क्रेडिट कार्ड ऋण पर जोखिम भार में पिछले दिनों किया है 25 फीसद का इजाफा**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि व्यक्तिगत ऋण के लिए नियमों को कड़ा करने का आरबीआई का निर्णय सही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज, क्रेडिट कार्ड जैसे कर्ज से जुड़े नियम को सख्त कर दिया। संशोधित मानदंड में जोखिम भार में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई। मूडीज ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असुरक्षित ऋण तेजी से बढ रहे हैं, जिससे वित्त संस्थानों को अचानक आर्थिक या ब्याज दर के झटके की स्थिति में ऋण लागत में संभावित वृद्धि करनी पड़ती है।

मूडीज ने एक बयान में कहा, 'उच्च जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के जरिए से हामीदारी मानदंडों को कड़ा करना ऋण के लिए सही कदम है क्योंकि ऋणदाताओं की नुकसान से निपटने की स्थिति बेहतर करने के लिए उच्च पूंजी आवंटित करने की आवश्यकता होगी'।




बयान में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का असुरक्षित ऋण खंड बहुत प्रतिस्पर्धी हो गया है। इसमें कई नए प्रवेशकों सहित बैंक, एनबीएफसी और वित्त प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां इस श्रेणी में आक्रामक रूप से ऋण बढ़ा रही हैं।

मूडीज के अनुसार, पिछले दो वर्षों में व्यक्तिगत ऋण में करीब 24 प्रतिशत और 'क्रेडिट कार्ड' ऋण में औसतन 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि समग्र बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि करीब 15 प्रतिशत है।

साख तय करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज के लिये जोखिम भार बढ़ाकर उपभोक्ता ऋण के मानदंडों को कड़ा करने के रिजर्व बैंक के फैसले से बैंकों की पूंजी पर्याप्तता में 0.6 प्रतिशत की कमी आने की संभावना है। इस कदम से उपभोक्ताओं को जोखिमपूर्ण बैंक ऋण देना कम हो जाएगा। साथ ही विशेष रूप से गैर-बैंक क्षेत्र पर दबाव पड़ने की संभावना है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि इससे कर्ज पर ब्याज दरों में बढोतरी होगी, ऋण वृद्धि कम होगी और कमजोर वित्तीय संस्थानों के लिये पूंजी जुटाने की जरूरत बढेगी। दूसरी तरफ, उच्च जोखिम भार से अंततः परिसंपत्ति गुणवत्ता बेहतर होगी।

## डंजो ने अपने स्टाफ को गूगल से जोहो कार्यस्थल में किया स्थानांतरित

**नई दिल्ली (भाषा)।**

संकटग्रस्त वाणिज्य स्टार्टअप डंजो ने लागत को कम से कम एक तिहाई घटाने के लिए अपने सभी कर्मचारियों को गूगल से ज़ोहो के कार्यस्थल में स्थानांतरित कर दिया है।

उद्यम योजना के तहत गूगल कार्यस्थल की कीमत हर महीने प्रति उपयोगकर्ता करीब 1,600 रुपये है, जबकि ज़ोहो इसी तरह की पेशकश के लिए प्रति उपयोगकर्ता 489 रुपये लेता है। डंज़ो के एक प्रवक्ता ने इस मामले पर कहा, 'यह नियमित व्यावसायिक निर्णय है। पहले कुछ दिनों में कुछ दिक्कतें थीं, लेकिन अब उन सभी को दूर कर लिया गया है।'

# अब तक के निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

**■ नौ पैसे की गिरावट से 83.35 प्रति डालर पर**

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को नौ पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.35 पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोषों की सतत निकासी ने स्थानीय मुद्रा की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के अंत में यह 83.35 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। यह पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.48 पर आ गया।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.14 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इस बीच, सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 139.58 अंक की गिरावट के साथ 65,655.15 अंक पर और एनएसई निफ्टी 37.80 अंक फिसलकर 19,694 अंक पर बंद हुआ।

## बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन आज से

**कोलकाता (भाषा)।**

भारत की कई प्रमुख हस्तियों सहित 25 से अधिक देशों के कारोबारी, कॉरपोरेट जगत के दिग्गजों के साथ-साथ राजनीतिक लोगों के मंगलवार से शुरू हो रहे बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन (बीजीबीएस) के सातवें संस्करण में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

इसमें हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पोलैंड, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, बांग्लादेश और फिजी शामिल हैं। भारत की ओर से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, अंबुजा नियोतिया और हीरानंदानी समूह के अधिकारियों के इस सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दो दिन के बीजीबीएस-2023 में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई), कपड़ा, इंजीनियरिंग, ऊर्जा, परिवहन तथा शहरी बुनियादी ढांचा, रियल एस्टेट, कृषि, पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों पर विचार किया जाएगा।

रिलायंस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के इस साल के बीजीबीएस में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

# संगठित क्षेत्र में बढ़े जॉब

**■ ईपीएफओ ने सितम्बर में जोड़े 17.21 लाख नए सदस्य**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

संगठित क्षेत्र में नई नौकरियां बढ़ी हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सितम्बर में शुद्ध रूप से 17.21 लाख सदस्यों को जोड़ा है। यह जानकारी नियमित वेतन पर रखे गए लोगों के बारे जारी आंकड़े से मिली है।



श्रम मंत्रालय के सोमवार को जारी बयान के अनुसार मासिक आधार पर इस साल अगस्त के मुकाबले सितम्बर में शुद्ध रूप से 21,475 नये सदस्य ईपीएफओ से जुड़े। वहीं सालाना आधार पर सितम्बर, 2022 के मुकाबले इस वर्ष इसी माह में शुद्ध रूप से 38,262 नए सदस्य जुड़े थे। मंत्रालय ने कहा कि करीब 8.92 लाख नए सदस्य सितम्बर में ईपीएफओ की योजनाओं से जुड़े। नए सदस्यों में 18 58.92 प्रतिशत 18 से 25 साल की उम्र के है। यह बताता है कि जो सदस्य कार्यबल से जुड़े है, उसमें बड़ी संख्या में युवा है। इनमें से कई ऐसे है, जिन्हें पहली बार नौकरी मिली है। नियमित वेतन पर रखे गए (पेरोल) लोगों के आंकड़ों से पता चलता है कि 11.93 लाख सदस्य बाहर निकले लेकिन फिर से वे ईपीएफओ से जुड़े। यानी उन्होंने अपनी नौकरी बदली है। बयान के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। इन लोगों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) को नये संस्थान में हस्तांतरित करने का विकल्प चुना।

आंकड़ों के अनुसार, सितम्बर में 3.67 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर हुए। यह इससे पिछले माह के मुकाबले 12.17 प्रतिशत कम है। ईपीएफओ से बाहर होने वाले सदस्यों की संख्या जून, 2023 से घट रही है। मंत्रालय ने कहा कि माह के दौरान 8.92 लाख नए सदस्य जुड़े। इसमें से करीब 2.26 लाख महिला सदस्य है, जो पहली बार ईपीएफओ से जुड़ी है। साथ ही, शुद्ध रूप से करीब 3.30 लाख महिलाएं ईपीएफओ से जुड़ी है। 'पेरोल' के राज्यवार आंकड़े को देखा जाए तो सबसे ज्यादा सदस्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा में जोड़े गये। शुद्ध रूप से जो सदस्य जोड़े गए, उसमें इनकी हिस्सेदारी 57.42 प्रतिशत है। इन राज्यों ने 9.88 लाख सदस्यों को जोड़ा।

# घरेलू विमान यात्रियों की संख्या रिकार्ड स्तर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

घरेलू उड़ानों पर हवाई यात्रियों की संख्या रविवार यानी 19 नवम्बर को 4,56,910 पर पहुंच गई, जो एक नया रिकार्ड है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को भी हवाई यात्रियों की संख्या 4,56,748 के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंची थी।



नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर लिखा, 'कोविड महामारी के बाद भारत की घरेलू विमानन क्षेत्र के कायापलट की कहानी न केवल जबर्दस्त रही है, बल्कि प्रेरणादायक भी है। सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रगतिशील नीतियां और यात्रियों के बीच गहरा विश्वास इसे हर उड़ान, हर दिन नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।' रविवार को 4,56,910 यात्रियों ने 5,958 घरेलू उड़ानों से सफर किया।

यह संख्या पिछले साल 19 नवम्बर को दर्ज 3,93,391 यात्रियों और 5,506 उड़ान गतिविधियों से काफी अधिक है।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आंकड़े साझा करते हुए सोमवार को कहा कि देश को दुनिया का सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## इस साल अब तक रिकार्ड 41000 पेटेंट हुए जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बौद्धिक संपदा क्षेत्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को शिक्षा जगत से उद्योग के लिए वाणिज्यिक इस्तेमाल लायक बौद्धिक संपदा के विकास का आह्वान करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में सर्वाधिक 41,010 पेटेंट जारी किए गए हैं।





भारत सरकार के बौद्धिक संपदा (आईपी) कार्यालय के पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अबतक के सर्वाधिक पेटेंट आवंटित किए हैं। पिछले वित्त वर्ष में लगभग 34,000 पेटेंट दिए गए थे। पंडित ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'इस साल नौ नवम्बर तक 41,010 पेटेंट दिए गए थे जबकि वित्त वर्ष के अभी पांच महीने बचे हैं। हमारी सोच यह है कि आईपी आवेदनों का निपटान कर दिया जाए और उन्हें लागू किया जाए।' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'उद्योग को आईपी (पेटेंट) के संदर्भ में साझेदारी करनी चाहिए। शिक्षा जगत को ऐसे आईपी के विकास पर काम करना चाहिए जो उद्योग के लिए वाणिज्यिक इस्तेमाल के हों।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि यहां के युवाओं के बढ़ते नवोन्वेषी उत्साह को दर्शाती है और यह आने वाले समय के लिए एक सकारात्मक संकेत है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में भारतीयों की तरफ से दाखिल पेटेंट आवेदनों में 31.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह भारत लगातार 11वें साल शीर्ष 10 पेटेंट आवेदकों में आगे रहा।

# ग्राहकों को ईवी के प्रति रिझाने की सलाह

**क्वालालंपुर (360 इंफो)।** विकासशील देशों में उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण है। विकासशील देशों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक बड़ा बाजार है, जिस तक अभी तक पहुंच स्थापित नहीं की गई है। सही प्रोत्साहन दिए जाने पर उभरता हुआ मध्यम वर्ग जिसकी क्रय शक्ति भी बढ़ रही है, उनके इसकी ओर आकर्षित होने से नार्वे, आइसलैंड और स्वीडन की तरह इन देशों में ईवी की बिक्री में वृद्धि हो सकती है। सक्रिय सरकारी नीतियों, निवेश समर्थन, 'कर क्रेडिट' और छूट जैसे प्रोत्साहनों से इन देशों में बाजार को बढ़ावा मिला है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की कई महत्वपूर्ण वजह हैं। 2021 में जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल लगभग दोगुना हो गया। ग्लोबल वार्मिंग में जीवाश्म ईंधन का योगदान काफी अधिक है। ईवी कम ऊर्जा का इस्तेमाल करते हैं और आंतरिक दहन इंजन वाले वाहनों की तुलना में कम प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं। इसलिए यह जीवाश्म ईंधन से प्रदूषण के प्रभाव को कम करते हैं।

भारत और चीन के अलावा अभी तक विकासशील देशों में उपभोक्ताओं के ईवी अपनाने की दर अपेक्षाकृत धीमी है। इसका मुख्य कारण यह है कि ईवी अपनी अग्रिम लागत, बीमा, मरम्मत और बैटरी बदलने के साथ-साथ चार्जिंग लागत के कारण उतने सस्ते नहीं हैं। समान आंतरिक दहन इंजन वाले वाहन की तुलना में ईवी खरीदना 40 प्रतिशत तक अधिक महंगा है। बिजली से चलने की संभावित दीर्घकालिक लागत बचत के बावजूद विकासशील देशों में उपभोक्ताओं के लिए यह प्राथमिक चिंता का विषय रहा है। किसी इलेक्ट्रिक वाहन की प्रमुख लागत उसके 'पावरट्रेन' में होती है, जो कुल लागत का 51 प्रतिशत तक हो सकती है। इसलिए ईवी पर लागत कम रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। हालांकि समाधान आपूर्ति श्रृंखला तथा उत्पादन नेटवर्क में सुधार किया जा सकता है। इसके लिए विभिन्न आपूर्ति श्रृंखला स्तरों पर सहयोग की आवश्यकता होगी, कच्चे माल को बदलना और वाहनों को पूर्ण रूप से तैयार करने के साथ घटकों तथा बैटरी मॉड्यूल को एकीकृत करना होगा। इसके लिए कार कंपनियों को क्षेत्रीय तथा घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को मूल्य श्रृंखला में एकीकृत करने की भी आवश्यकता होगी। यह एक जटिल, लेकिन संभव काम है। टेस्ला, बीवाईडी, जनरल मोटर्स और वोक्सवैगन जैसी वैश्विक ईवी कंपनियां अपना विनिर्माण विकासशील देशों में भेज सकती हैं जो निवेशक-अनुकूल नीतियों की पेशकश करते हैं। उदाहरण के लिए, मर्सिडीज-बेंज पूरी तरह से इलेक्ट्रिक ईक्यूएस 500 मॉडल बनाने के लिए थाईलैंड में अपने मौजूदा कारखाने का इस्तेमाल कर रही है, जो जर्मनी के बाहर कंपनी द्वारा बनाया जाने वाला पहला ईवी है।



## बेंगलुरु में कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग घटी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

बेंगलुरु कार्यालय बाजार चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में प्रभावित हुआ। इस दौरान कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग में 28 प्रतिशत की गिरावट आई।

कारपोरेट जगत की कमजोर मांग के बीच नई कार्यस्थलों को पट्टे पर लेने की दर में भी सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की गिरावट आई। रियल एस्टेट के सलाहकार वेस्टियन ने यह जानकारी दी। वेस्टियन ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए भारत के शीर्ष सात शहरों की अपनी कार्यालय बाजार रिपोर्ट जारी की। बेंगलुरु में जुलाई-सितंबर तिमाही में कार्यालय स्थल की मांग सालाना आधार पर 28 प्रतिशत गिरकर 36 लाख वर्ग फुटा हो गई।

# भारत में कोयला उद्योग का भविष्य उज्ज्वल

**■ प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से उद्योग आगे बढ़ेगा ■ फ्यूचर कोल की रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत में कोयले के अधिक टिकाऊ ढंग से खनन, उपयोग एवं दहन में मदद करने वाली प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल होने से इस शुष्क ईंधन का उज्ज्वल भविष्य है। फ्यूचर कोल ने सोमवार को यह बात कही।

कोयला जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे अहम घटक माना जाता है। इसके दहन से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैस का वैश्विक उत्सर्जन में करीब 30 प्रतिशत हिस्सा है। फ्यूचरकोल के बोर्ड सदस्य सुनील चतुर्वेदी ने कहा, 'भारत में कोयले का भविष्य उज्ज्वल है। हमारा मानना है कि ऐसी प्रौद्योगिकी उपलब्ध हैं, जो भारत को अधिक टिकाऊ ढंग से कोयला निकालने, उसका अधिक टिकाऊ उपयोग करने, उसे अधिक टिकाऊ ढंग से जलाने और दहन के बाद निपटारे में मदद कर सकती हैं। इससे कोयले से कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में 99 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है।'



फ्यूचर कोल ग्लोबल अलायंस समूची मूल्य श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है। यह जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल के बारे में जागरूकता फैला रहा है।

चतुर्वेदी ने कहा कि 70 प्रतिशत बिजली उत्पादन कोयले से होता है लेकिन भारत पिछले 15 साल में सुपर-क्रिटिकल और अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकियों की तरफ बढ़ा है। इसका मतलब है कि एक देश के रूप में भारत कहीं बेहतर, कुशलतापूर्वक व कम प्रदूषणकारी तरीके से कोयले का दहन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक ताप विद्युत की हिस्सेदारी घटकर 30-35 प्रतिशत के करीब होने पर भी भारत को 1.5 अरब टन कोयले की जरूरत होगी। ऐसी स्थिति में भारत को कोयले का उत्पादन बढाना ही होगा।

फ्यूचर कोल की मुख्य कार्यकारी मिशेल मनूक ने भारत में कोयले का भविष्य रोमांचक बताते हुए कहा, 'बिजली, इस्पात, सीमेंट, एल्युमीनियम, रसायन और नवीकरणीय बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में कोयला मूल्य श्रृंखला का कुल योगदान सैकड़ों अरब है और यह एक-दूसरे से जुड़ी हुई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला है।'

# अगले साल जीडीपी वृद्धि दर में रहेगी मामूली गिरावट

**■ अमेरिकी रेटिंग एजेंसी गोल्डमैन सैक्स ने अपनी रिपोर्ट में वृद्धि दर 6.3 फीसद रहने की जताई है उम्मीद**

**मुंबई (भाषा)।**

भारत की वास्तविक वैश्विक घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अगले साल मामूली गिरावट के साथ 6.3 प्रतिशत रहेगी। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है।

उसने कहा कि अगला कैलेंडर साल दो हिस्सों का होगा, जिसमें आगामी आम चुनाव से पहले सरकारी खर्च वृद्धि का मुख्य चालक होगा, जबकि चुनाव के बाद यह निवेश वृद्धि में खासकर निजी क्षेत्र से फिर से तेजी लाएगा।

ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि वित्त वर्ष के संदर्भ में वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर के चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। गोल्डमैन सैक्स ने कहा, 'इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक वृद्धि की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। हमारा मानना है कि 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत पर मजबूत रहने की संभावना है।' रिपोर्ट में कहा गया कि देश वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों, डालर की लगातार मजबूती और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं जैसे संभावित बाहरी झटकों के प्रति कम 'संवेदनशील' है।




ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि वृद्धि परिदृश्य को लेकर जोखिम समान रूप से संतुलित हैं, लेकिन 'मुख्य घरेलू जोखिम राजनीतिक अनिश्चितता से उत्पन्न हो रहा है, क्योंकि 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में आम चुनाव होने वाले हैं।'

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के साथ चुनावी मौसम पहले से ही चल रहा है। इसके बाद आम चुनाव का मौसम शुरू होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन चुनावों के नतीजों पर निवेशकों द्वारा आर्थिक सुधारों और नीति निरंतरता के दृष्टिकोण से 'गहराई से नजर' रखी जाएगी।

# वर्ल्ड कप : 3160 रन, 100 विकेट और 7 शतक, पूरे टूर्नामेंट में चैंपियन की तरह खेली टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸। अहमदाबाद

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम इस हार के चलते आईसीसी ट्रॉफी का एक दशक लंबा सूखा खत्म करने से चूक गई।

हालांकि, यह टीम पूरे टूर्नामेंट में चैंपियन की तरह खेली और फाइनल से पहले हर मैच जीता। इस दौरान टीम इंडिया ने कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड अपने नाम किए। यहां हम इस विश्व कप में भारतीय टीम और भारतीय खिलाड़ियों के रिकॉर्ड के बारे में बता रहे हैं।

### चार बल्लेबाजों के नाम 7 शतक

इस विश्व कप में भारत की तरफ से चार बल्लेबाजों ने सात शतक लगाए। विराट कोहली ने तीन और श्रेयस अय्यर ने दो शतक लगाए। कप्तान रोहित शर्मा और लोकेश राहुल के बल्ले से एक-एक शतक निकले।

### सबसे बड़ा स्कोर 410 रन

भारत ने 3160 रन बनाए, टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर 410/4 रहा, जो नीदरलैंड के खिलाफ बनाया। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम सिर्फ फाइनल में ही ऑलआउट हुई, लेकिन इस मैच में भी पूरे 50 ओवर खेलने में सफल रही। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ भारत के नौ विकेट गिरे थे।





### शमी ने मचाया तहलका

इस विश्व कप में सबसे ज्यादा 24 विकेट मोहम्मद शमी ने लिए। बुमराह ने 20 और जडेजा ने 16 विकेट लिए। कुलदीप को भी 15 विकेट मिले। मोहम्मद शमी ने इस विश्व कप में सबसे बेहतर औसत के साथ गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग 11 रन देकर एक विकेट लिया। बुमराह ने 19 रन देकर और जडेजा ने 25 रन देकर एक विकेट लिया। इस टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन स्पेल मोहम्मद शमी ने किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9.5 ओवर में 57 रन देकर सात विकेट झटके। उन्होंने तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। वहीं, रवींद्र जडेजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 रन देकर पांच विकेट लिए।

### 302 रन की बड़ी जीत

भारत के खिलाफ 2276 रन बने। सबसे बड़ा स्कोर 327 रन रहा, जो सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने बनाया। रनों के लिहाज से इस टूर्नामेंट में भारत की सबसे बड़ी जीत 302 रन की रही, जो श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में मिली। वहीं, विकेट के लिहाज से सबसे बड़ी जीत आठ विकेट की रही, जो अफगानिस्तान के खिलाफ मिली।

### आठ बार विपक्षी टीम को किया ऑल आउट

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल 100 विकेट लिए। 11 मुकाबलों में आठ बार भारत ने विपक्षी टीम को ऑल आउट किया। दो मुकाबलों में आठ विकेट लिए। सिर्फ फाइनल में ही भारतीय गेंदबाज चार विकेट ले सके। वहीं, भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 58 विकेट गंवाए। फाइनल को छोड़ किसी मैच में टीम इंडिया ऑल आउट नहीं हुई। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के सिर्फ दो विकेट गिरे थे।



### कोहली का वर्ल्ड रिकार्ड स्कोर

सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने 11 पारियों में 765 रन बनाए। वहीं, रोहित शर्मा 597 रन के साथ दूसरे स्थान पर रहे। श्रेयस अय्यर ने 530 और लोकेश राहुल ने 452 रन बनाए। इस विश्व कप में सबसे बेहतर औसत भी विराट कोहली का रहा। उन्होंने 95.62 के औसत से रन बनाए। लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और रोहित शर्मा का औसत भी 50 से ज्यादा रहा। विराट ने इस विश्व कप में सबसे ज्यादा छह अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने चार बार 50 का आंकड़ा पार किया। रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने तीन बार ऐसा किया।

### विराट ने ठोके 68 चौके

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 68 चौके विराट के बल्ले से निकले। रोहित शर्मा 66 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। शुभमन गिल ने भी 41 चौके लगाए। रोहित शर्मा ने इस विश्व कप में सबसे ज्यादा 31 छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर 24 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## 20 साल में कुछ नहीं बदला

### 2003 और 2023 में एक जैसे रहे फाइनल में हार के 5 संयोग



*19 नवंबर 2023। वो तारीख जब टीम इंडिया विश्व कप फाइनल में जीत की नई इबारत लिखने मैदान पर उतरी थी। कपिल देव और एमएस धोनी की तरह वर्ल्ड चैंपियन बनने से रोहित ब्रिगेड बस एक कदम दूर थी। लेकिन तभी कंगारुओं ने ऐसी बाजी पलटी कि करोड़ों देशवासियों के सपने चूर-चूर हो गए। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए विश्व कप के फाइनल में कंगारुओं ने भारत को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी और छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बने। इस तरह टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से वर्ल्ड कप में 20 साल पुराना हिसाब चुकता करने से भी चूक गई। इसे दुर्भाग्य कहें या संयोग, लेकिन 2003 के विश्व कप फाइनल में भी टीम इंडिया ने कंगारुओं से ऐसे ही मात खाई थी। आंकड़े बताते हैं कि दोनों विश्व कप में टीम इंडिया की हार की कहानी लगभग एक जैसी ही रही है।*

**1 सचिन-शुभमन ने बनाए 4-4 रन**

2003 के विश्व कप फाइनल में भारत के सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर महज 4 रन बनाकर आउट हो गए थे। सचिन ग्लेन मैक्ग्रा की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे थे। इस विश्व कप फाइनल में शुभमन गिल भी 4 रन बनाकर स्टार्क की गेंद पर आउट हुए।

**2 पहले ओवर में 15 रन**

यह एक दुर्लभ संयोग है कि दोनों विश्व कप फाइनल में टीम इंडिया के गेंदबाजों ने पारी के पहले ही ओवर में 15-15 रन लुटाए। 2003 के विश्व कप फाइनल में जहीर खाने ने पहले ओवर में 15 रन दिए थे। पहले ओवर में 15 रन देने का यह सिलसिला इस बार जसप्रीत बुमराह ने जारी रखा।

**3 6 बल्लेबाजों का सिंगल डिजिट स्कोर**

दोनों विश्व कप फाइनल में टीम इंडिया के 6 ऐसे बल्लेबाज रहे, जो अपना स्कोर डबल डिजिट में भी कन्वर्ट नहीं कर पाए। 2003 के विश्व कप फाइनल में सचिन तेंदुलकर (4), मोहम्मद कैफ (0), हरभजन सिंह (7), जहीर खान (4), जवागल श्रीनाथ (1) और आशीष नेहरा (8 नाबाद) समेत 6 बल्लेबाज सिंगल डिजिट के स्कोर पर आउट हो गए थे।जबकि इस विश्व कप फाइनल में शुभमन गिल (4), श्रेयस अय्यर (4), रवींद्र जडेजा (9), मोहम्मद शमी (6), जसप्रीप बुमराह (1) और मोहम्मद सिराज (9 नाबाद) रन के सिंगल डिजिट स्कोर पर क्रीज से लौट गए।

**4 पोन्टिंग-हेड का स्ट्राइक रेट**

2003 के विश्व कप फाइनल में जो काम ऑस्ट्रेलिया के लिए रिकी पोन्टिंग ने किया था, वो काम इस बार ट्रेविस हेड ने किया। रिकी पोन्टिंग ने जहां 4 चौके और 8 छक्के जड़कर 140 रन बनाए थे। वहीं ट्रेविस हेड ने 15 चौके और 4 छक्के जड़कर 137 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए। बेशक दोनों के स्कोर में 3 रन का अंतर है, लेकिन दोनों का स्ट्राइक रेट लगभग 115 था।

**5 2 बल्लेबाज 4 रन पर आउट**

दोनों ही विश्व कप फाइनल्स में टीम इंडिया के 2-2 बल्लेबाज 4 रन के स्कोर पर आउट हुए हैं। 2003 के फाइनल में जहां सचिन तेंदुलकर और जहीर खान 4 रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, इस विश्व कप में शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर इस अंक का शिकार हुए।

## खबर संक्षेप



### सविता की निगाह सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बनने पर

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआईएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए और मेरे साथियों के लिए गौरवशाली क्षण है।'

### पाकिस्तानी टीम में तीन नए चेहरे शामिल



**लाहौर।** पाकिस्तान ने दिसंबर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन टेस्ट के दौरे के लिए सईम अयूब, आमिर जमाल और खुर्रम शहजाद के रूप में तीन नए चेहरों को टीम में शामिल किया है। तेज गेंदबाज नसीम शाह अब तक कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 सदस्यीय टीम की अगुआई शान मसूद करेंगे। टीम : शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम उल हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नोमान अली, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।


### चमत्कार होते हैं, विश्वास न करना मुश्किल



**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड छठा विश्व कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि शुरू में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी थी क्योंकि वह हमेशा चमत्कार पर विश्वास करते हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप की शुरुआती 18 सदस्यीय टीम में जगह नहीं दी गई थी। एस्टन एगर के चोटिल होने के कारण उन्हें आखिरी समय में टीम में शामिल किया गया। लाबुशेन ने भारत के खिलाफ रविवार को फाइनल में नाबाद 58 रन बनाए।

## जोकोविच ने रिकॉर्ड 'सातवीं बार' जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराया



एजेंसी ▸▸। तूरिन

नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की। इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा। इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा।' एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 टीम का ऐलान, सूर्यकुमार बने कप्तान

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में 23 नवंबर से होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

भारत को हराकर विश्व एकदिवसीय चैंपियन बने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ मेजबान टीम के उप कप्तान होंगे। भारत ने विश्व कप टीम में शामिल सिर्फ तीन खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला के लिए चुना है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा, इशान किशन और सूर्यकुमार शामिल हैं। श्रेयस अय्यर हालांकि रायपुर और बेंगलुरू में होने वाले अंतिम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए टीम से जुड़ेंगे और वह गायकवाड़ की जगह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

### टीम इस प्रकार है

*सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मुकेश कुमार।*



### वर्ल्ड कप टीम के तीन खिलाड़ी शामिल

सोमवार को जारी टीम में एक दिन पहले समाप्त हुए वनडे वर्ल्ड कप टीम के 3 खिलाड़ियों को जगह मिली है, इनमें सूर्यकुमार, ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं। रोहित शर्मा, विराट कोहली, बुमराह और जडेजा को आराम दिया गया है। जबकि श्रेयस अय्यर को आखिरी 2 टी-20 के लिए उपकप्तान बनाया गया है। पहले 3 मैचों में ऋतुराज गायकवाड वाइस कैप्टन होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 23 नवंबर से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। यह सीरीज बेंगलुरु में 3 दिसंबर को समाप्त होगी।

## लुकाकु ने '14वां गोल' दाग बनाया नया रिकॉर्ड, सर्बिया को यूरो 2024 का टिकट


एजेंसी ▸▸। मैड्रिड



*बेल्जियम के स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु ने पहले हाफ में चार गोल करके यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने अंतिम मैच में अपनी टीम को अजरबैजान पर 5-0 से जीत दिलाई। लुकाकु ने क्वालीफायर्स में कुल 14 गोल किए जो पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो से चार और फ्रांस के किलियन एमबापे से पांच गोल ज्यादा हैं। इस तरह से लुकाकु ने यूरोपीय क्वालीफाइंग चैंपियनशिप में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (यूरो 2016 क्वालीफाइंग में) और उत्तरी आयरलैंड के डेविड हीली (यूरो 2008 क्वालीफाइंग में) के 13 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ा। बेल्जियम ग्रुप एफ से ऑस्ट्रिया के साथ पहले ही यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इस बीच सर्बिया ने बुल्गारिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया। एक अन्य मैच में स्पेन ने जॉर्जिया को 3-1 से पराजित किया, लेकिन इस मैच के दौरान उसके स्टार मिडफील्डर गावी चोटिल हो गए।*


### जोश में होश खो बैठा कंगारू खिलाड़ी...

**अहमदाबाद।** छठी बार क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी मिचेल मार्श ने जोश में होश खो दिया। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें मार्श वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अपमान करते दिख रहे हैं। ट्रॉफी के ऊपर पैर रखने की तस्वीर पर क्रिकेट के फैंस मार्श को ट्रोल कर रहे हैं।



### मेसी की विश्व कप जर्सी होगी नीलाम

*लंदन। फुटबॉल विश्व कप (2022) में अर्जेंटीना के विजयी अभियान के दौरान लियोनेल मेसी द्वारा पहनी गई छह शर्ट (जर्सी) की नीलामी में एक करोड़ डॉलर (लगभग 83 करोड़ रुपए) से अधिक की रकम मिलने की उम्मीद है। नीलामी करने वाली संस्था सॉथबे के मुताबिक यह खेल यादगार वस्तुओं का अब तक का सबसे मूल्यवान संग्रह बन सकता है। सॉथबे ने सोमवार को कहा कि वह अर्जेंटीना के कप्तान द्वारा कतर में पहनी गई सात जर्सियों में से छह को न्यूयॉर्क में बिक्री के लिए रखेगा, जिसमें वह जर्सी भी शामिल है जो उन्होंने फ्रांस के खिलाफ फाइनल में नाटकीय जीत के दौरान पहनी थी।*



### फीफा विश्व कप क्वालीफायर : पहले मैच में कुवैत को 1-0 से दी थी मात

# भारत के सामने आज कतर की मुश्किल चुनौती

एजेंसी ▸▸। भुवनेश्वर


भारतीय फुटबॉल टीम 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां कतर के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे ग्रुप ए में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। क्वालीफायर के पहले मैच में कुवैत को 1-0 से हराने के बाद भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। भारत घरेलू मैदान पर कतर को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद करेगा लेकिन मेहमान टीम प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम ने चार साल पहले एशियाई चैंपियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोका था और इस मुकाबले में यह टीम के लिए प्रेरणा का काम करेगा। भारत ने 2022 विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर में 10 सितंबर, 2019 को दोहा कतर को गोलरहित ड्रा पर रोककर फुटबॉल जगत को आश्चर्यचकित कर दिया था। कतर उस समय जबरदस्त फॉर्म में था और उसने 2019 की शुरुआत में एशिया कप का खिताब जीता था। उस मुकाबले में करिश्माई भारतीय कप्तान सुनील छेत्री अस्वस्थ होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे लेकिन मंगलवार को कलिंगा स्टेडियम में वह अपना कौशल दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। छेत्री की मौजूदगी के बाद भी इस बात की संभावना कम है कि भारतीय टीम कतर से ज्यादा आक्रमण करेगी। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने 2019 में कतर के खिलाफ उस मैच में टीम का नेतृत्व किया था और कलिंगा स्टेडियम में कतर को गोल करने से रोकने का दारोमदार एक बार फिर से उन पर होगा।



### भारतीय रक्षा पंक्ति कमजोर

अनवर अली की गैरमौजूदगी में भारतीय रक्षा पंक्ति पहले ही थोड़ी कमजोर है। भारतीय कोच इगोर स्टिमक को इस अहम मुकाबले में अली के अलावा जैकसन सिंह की भी सेवाएं नहीं मिलेगी। अली मोहन बागान के एएफसी कप के मैच के दौरान चोटिल हुए जबकि केरल ब्लास्टर के खिलाड़ी जैकसन इंडियन सुपर लीग में मुंबई एफसी के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए। मध्यपंक्ति में सहल अब्दुल समद और मनवीर सिंह पर कतर की अग्रिम पंक्ति की धार कुंद करने के साथ भारतीय अग्रिम पंक्ति के लिए मौके बनाने की चुनौती होगी।

**Entertainment News**



# जहरीले सांपों से खेलती दिखीं अनन्या पांडे

**अ**नन्या पांडे की लेटेस्ट फोटोज को देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। इन फोटोज में अनन्या हाथ में अजगर और सांप लेकर ऐसी फोटोज क्लिक करवा रही हैं कि फोटोज को देखकर हर कोई हैरान है। तस्वीरों में एक्ट्रेस सांप और अजगर को हाथ में पकड़े हुई हैं। इसके बाद एक के बाद एक पोज दे रही हैं। अनन्या मिनी ड्रेस पहनी हुई है। ये ड्रेस ऑफ शोल्डर है। इसे पहनकर अनन्या के चेहरे पर मुस्कुराहट और हाथ में अजगर और सांप पकड़कर एक के बाद एक फोटोज क्लिक करवा रही हैं। इन फोटोज को एक्ट्रेस ने जैसे ही शेयर किया तो वो देखते ही देखते वायरल हो गईं। अनन्या पांडे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। कैप्शन में लिखा- मेरे लिए स्वर्ग की परिभाषा...पपीज और स्नेक्स. मेरे दो फेवरेट एनिमल्स।


# मुसीबत बने AI ने रातोंरात ऐसे उड़ाए लोगों के होश, इन सैलेब्स को भी नहीं छोड़ा




**इ**स साल की शुरुआत में टेक्नोलॉजी के ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर जहां हर तरफ AI का बोलबाला था, वहीं दूसरी ओर साल के खत्म होते-होते डीपफेक एक मुसीबत बनकर उभर रहा है। आने वाले समय में ये डीपफेक लोगों की जिंदगियों पर कैसे असर डालेगा, ये बता पाना बेहद मुश्किल होगा। डीपफेक का साया सिर्फ आम इंसान ही नहीं बल्कि मशहूर हस्तियों पर भी मंडरा रहा है।

**फ्यूचर के लिए खतरा**

इसकी शुरुआत रश्मिका मंदाना के वायरल वीडियो से हुई, जब छोटे कपड़े पहनकर लिफ्ट में एक महिला घुस रही थी, महिला अंदर घुसी तो हूबहू रश्मिका मंदाना लग रही थी। डीपफेक का पता ऐसे लगा कि महिला के लिफ्ट में घुसने से पहले उसकी खुद की शक्ल थी लेकिन जैसे ही वो लिफ्ट में एंटर हुई, उसकी शक्ल ही बदल गई। ऐसे में खुद एक्ट्रेस ने इस शर्मनाक हरकत पर दुख जाहिर किया और इसे फ्यूचर के लिए खतरा भी बताया। मामला इतना उछला कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी रश्मिका के वीडियो पर प्रतिक्रिया जाहिर की। एक्टर ने कहा कि ये बेहद शर्मनाक है और दुख देने वाला है। एक्टर ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी दर्ख्वास्त की।





**काजोल और कटरीना कैफ भी हुई शिकार**

ये मामला शांत नहीं हुआ था कि अभिनेत्री काजोल का भी डीपफेक वीडियो सामने आया। इस वीडियो ने भी सनसनी मचाई। आम से लेकर खास लोगों ने इस क्लिप पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। इसके बाद टाइगर 3 के सेट से कटरीना कैफ की एक फोटो भी सामने आई। ये तस्वीर एक नजर में देखकर किसी को भी रीयल लगती। इन सब मामलों से पता चलता है कि आने वाले समय में ये डीपफेक कितना खतरनाक हो सकता है।

**महिलाओं के लिए डीपफेक एक बड़ा खतरा**

महिलाओं के लिए डीपफेक एक बड़ा खतरा बनकर उबरा है। क्योंकि किसी के भी शरीर पर किसी की भी तस्वीर सॉफ्टवेयर की मदद से ऐसे लगा दी जाती है कि एक बार को असली और नकली में फर्क कर पाना ही मुश्किल हो जाए। इस सब से किसी के मानसिक स्वास्थ्य पर कैसा असर पड़ सकता है, ये सोच पाना काफी मुश्किल है।

**BOLLYWOOD UPDATE**



# 3 साल से हैं रिश्ते में,पर श्रुति को शादी के नाम से ही लगता है डर

**श्रु**ति हासन साउथ की ही नहीं बल्कि बॉलीवुड की भी फेमस एक्ट्रेस हैं। पिछले 3 सालों से शांतनु हजारिका संग रिश्ते में रहने वालीं श्रुति शादी के नाम से ही डरती हैं। ये हम नहीं कह रहे बल्कि खुद श्रुति ने ही लेटेस्ट इंटरव्यू में रिवील किया है। कुछ समय से श्रुति हासन की शादी की अटकलें मीडिया रिपोर्ट्स में लगाई जा रही हैं। जिन्हें पूरी तरह झूठ बताते हुए श्रुति ने साफ कर दिया कि वो रिश्ते में हैं पर उन्हें शादी के नाम से ही डर लगता है लिहाजा उनका शादी का कोई इरादा नहीं है।

**शादी के बारे में सोचना भी नहीं चाहती- श्रुति**

श्रुति हासन पिछले तीन सालों से रिश्ते में हैं। 2020 से वो शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं लेकिन शादी करने के ख्याल से भी वो डरती हैं। उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में कहा कि वो और शांतनु एक दूसरे को हर तरह से सपोर्ट करते हैं। लेकिन शादी के बारे में वो सोचना भी नहीं चाहतीं। उनके मुताबिक- क्या ये बहुत सी शादियों से अच्छा नहीं है? उनका कहना था कि शांतनु और उनकी पर्सनेलिटी काफी अलग है। और वो इस रह एक दूसरे को बैलेंस करते हैं।

**देख चुकी हैं माता-पिता का दर्द**

श्रुति हासन मशहूर एक्टर कमल हासन और सारिका की बेटी हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहते हुए सारिका प्रेग्नेंट हुईं जिसके बाद कमल हासन ने पहली पत्नी को तलाक देकर उनसे शादी की। शादी के बाद सारिका ने दूसरी बेटी को भी जन्म दिया। लेकिन कुछ सालों बाद ही कमल और सारिका का रिश्ता बिखरने लगा। दोनों ने 1988 में शादी की थी और कुछ सालों के बाद वो सारिका की ही खास दोस्त संग रिश्त में आ गए। कहा जाता है कि जब ये बात सारिका को पता चली तो वो बर्दाश्त नहीं कर सकीं और घर की बालकनी से छ्लांग लगाकर जान देने की कोशिश की। वो तीन महीनों तक अस्पताल में एडमिट रहीं। जब ठीक होकर लौटीं तो 2004 में तलाक ले लिया।



# पिता बनने वाले हैं ट्वाइलाइट स्टार रॉबर्ट पैटिनसन

**ट्**वाइलाइट स्टार रॉबर्ट पैटिंसन और उनकी गर्लफ्रेंड सूकी वॉटरहाउस पहली बार माता-पिता बनने वाले हैं। डेजी जोन्स एंड द सिक्स अभिनेता ने मेक्सिको में कोरोना कैपिटल फेस्टिवल में अपने प्रदर्शन के दौरान अपनी गर्भावस्था की घोषणा की। पहली बार उनका बेबी बंप भी नजर आया। रॉबर्ट पैटिंसन और सुकी वॉटरहाउस एक साथ पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें सुकी अपने प्रदर्शन की घोषणा कर रही है। वह दर्शकों को अपना पहनावा दिखाने के लिए अपने सेट के बीच में रुकीं। उसने कहा, मैंने आज कुछ चमकीला पहना है क्योंकि मुझे लगा कि इससे आपका ध्यान किसी और चीज से हट सकता है जो चल रहा है। जैसे ही वह अपने बेबी बंप की ओर इशारा कर रही थी, भीड़ ने उसके लिए जोर-जोर से जय-जयकार की। उन्होंने आगे कहा, मुझे यकीन नहीं है कि यह काम कर रहा है या नहीं। उसने गुलाबी चमकीली पोशाक के साथ फ्लफी जैकेट और सुनहरे जूते पहने हुए थे।





# मिस यूनिवर्स के इतिहास में पहली प्लस साइज मॉडल बनी जेन दीपिका गैरेट

**नि**कारागुआ की शेनिस पलाशियो साल 2023 का मिस यूनिवर्स बन गई हैं। जहां एक ओर सोशल मीडिया पर शेनिस की फोटोज और उनके बारे में जानने के लिए लोग एक्साइटेड हैं तो वहीं ये पेजेंट इस बार कई वजहों से सुर्खियों में रहा। इस बार ना केवल ट्रांस जेंडर कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया बल्कि प्लस साइज की मॉडल ने भी इंटरनेशनल ब्यूटी पैजेंट में नजर आईं। आइये जानते हैं पहली प्लस साइज मॉडल के बारे में जिन्होंने मिस यूनिवर्स 2023 में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया।

**नेपाल की गैरेट बनीं पहली प्लस साइज मॉडल**

मिस यूनिवर्स 2023 में नेपाल की जेन दीपिका गैरेट ने हिस्सा लिया। इस पेजेंट में हिस्सा लेने वाली जेन पहली प्लस साइज मॉडल बन गई हैं। जेन दीपिका की उम्र महज 22 साल हैं। इन्होंने अल साल्वाडोर में आयोजित इस ब्यूटी पेजेंट में रैंप वॉक किया। जेन कॉन्फिडेंस ने लोगों का ध्यान खींचा और उनकी रैंप वॉक की फोटोज मिनटों में वायरल हो गई।

**जेन दीपिका ने तोड़ी रूढ़िवादी विचारधारा**

जब भी किसी पेजेंट की बात आती है तो दुबली पलती और दिखने वाली मॉडल ही रैंप पर नजर आती है। लेकिन नेपाल की जेन दीपिका गैरेट ने रैंप वॉक करके सभी विचारधाराओं को तोड़ा। जेन का मानना है कि सभी ब्यूटी को, साइज ही परवाह किए बगैर ब्यूटी सेक्टर में खुद को रिप्रेजेंट करने की जरूरत है।

**नर्स और बिजनेस डेवलेपर हैं जेनम**

मिस यूनिवर्स में हिस्सा लेने के अलावा जेन नर्स और बिजनेस डेवलेपर भी हैं। इनका जन्म अमेरिका में हुआ था।

# टीम इंडिया के सपोर्ट में उतरे बॉलीवुड सेलेब्स, इस तरह बढ़ाया हौंसला

**अ**हमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम रविवार को खेले गए क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन किया और रोमांचक मैच खेला, हालांकि मेन इन ब्लू को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस पर कई बॉलीवुड सितारों ने हार पर अपना रिएक्शन दिया है और टीम इंडिया के प्रयासों की सराहना की। टीम इंडिया का समर्थन करने के लिए शाहरुख खान, गौरी खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, आयुष्मान खुराना और शनाया कपूर सहित कई हस्तियां स्टेडियम पहुंची थीं।







**जानिए इन बॉलीवुड स्टार्स का रिएक्शन**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया यह मैच 6 विकेट से हार गई। खेल खत्म होने के तुरंत बाद, कई बॉलीवुड सितारों ने टीम इंडिया की कड़ी मेहनत की तारीफ की और लिखा कि उन्हें विश्व कप 2023 में अपनी टीम के सफर पर गर्व है। 'द कश्मीर फाइल्स' के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने लिखा, 'ऑस्ट्रेलिया को जीत की बधाई, टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला। बोमन ईरानी ने लिखा, 'हम (इंडिया) बहुत अच्छा खेलते आए और उन्होंने (ऑस्ट्रेलिया) ने आज बहुत अच्छा खेला। एक्टर अभिषेक बच्चन ने लिखा, 'एक शानदार सफर के बाद दर्दनाक हार, मेन इन ब्लू का अब तक का सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस रहा है। अपना हाथ थामें रहें और ऐसे शानदार सफर के लिए आपका शुक्रिया।

**काजोल और विक्की कौशन ने शेयर की फोटो**

एक्ट्रेस काजोल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'हारकर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं, आपने बहुत अच्छा खेला टीम इंडिया, ऑस्ट्रेलिया को एक और वर्ल्ड कप के लिए बधाई। एक्टर विक्की कौशल ने रोहित शर्मा की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वेल प्लेड चैम्प!! वो एक खराब शॉट, लेकिन कोई बात नहीं. ऐसे बड़े टूर्नामेंट में हमेशा 3 को बेस्ट देना जरूरी है।

**शाहरुख खान ने टीम के लिए कही ये बात**

शाहरुख खान ने लिखा, 'भारतीय टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से खेला वह सम्मान की बात है और उन्होंने शानदार जज्बा और दृढ़ता दिखाई।

# समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु हो रही विकसित भारत यात्रा : अनुप्रिया पटेल

## केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को किया जा रहा है लाभान्वित : केन्द्रीय मंत्री, विकसित भारत संकल्प यात्रा का जुगैल गांव में हुआ आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल सोनभद्र। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने कहा कि कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये और उससे लाभान्वित किया जाये, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ उनकी कहानी उनकी जुबानी यह बात सुनी जाए`

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन सोनभद्र जिले के चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुगैल के पंचायत भवन में किया गया` ग्राम पंचायत जुगैल के पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय उद्योग राज्य मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन मानस को जानकारी दी जा रही है जिससे कि समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और वह इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हो`

इस यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभाग द्वारा सरकार योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल भी लगाये जा रहे हैं जिसके माध्यम से जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है`

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी संकल्पित हैं कि जिस तरह आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं इसी प्रकार से 25 वर्षों के बाद वर्ष 2047 में भारत को विकासशील देश नहीं बल्कि विकसित भारत के रूप में जाना जाए`



प्रधानमंत्री जी का यह सोच है कि जन कल्याण के लिए जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है इस योजना का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को प्राप्त हों सरकार द्वारा संचालित योजनाएं सरकारी औपचारिकता बनकर ना रहे बल्कि समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को इस योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ,यह इस विकसित संकल्प यात्रा का यह उद्देश्य है उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी भारतवासियों के सहयोग से ही यह अभियान सफल होगा`

कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज के वंचित पिछड़े अत पिछड़े लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा की जनजाति समुदाय को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है`

इस मौके पर एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की` इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाया गया और केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विकासित राष्ट्र की शपथ दिलायी गयी इस दौरान सांसद पकौड़ी लाल कोल ने भारत विकसित संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी` इस दौरान केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ ही सांसद पकौड़ी लाल कोल, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जगदीश पटेल को-आपरेटिव बैंक अध्यक्ष, सत्य नारायण पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल (एस0) श्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-प्रमाण पत्र का वितरण किया गया`

इसमें मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क खाद्य सामग्री, घरौनी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मनरेगा जॉबकार्ड का वितरण व समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित योजना के तहत प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया` इस दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, एन0आर0एल0एम0 विभाग, बैंक सम्बन्धी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की` इस दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा अन्नप्रासन एवं गोद भराई की रश्म अदायगी भी निभाई गयी।

# गंदगी देख भड़के डीएम के फटकार का हुआ त्वरित असर, गंदगी को साफ करने के लिए युद्ध स्तर पर लगाए गए 30 सफाईकर्मी

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा जनपद को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखने दृष्टिगत किये जा रहे क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान मेंहदावल में भ्रमण के दौरान मेंहदावल के कुबेरनाथ शिवमन्दिर के पोखरे के चारो तरफ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदावल के बगल में एवं अनेकों जगहों पर कूड़े का अंबार मिला। साथ ही नालियों में भी गन्दगी दिखाई दी। इससे डीएम नाराज हो गए, उन्होंने कस्बों एवं मोहल्लों के साथ ही ग्रामीण इलाको में भी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित रखने के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को आदेशित किया गया था। वही नगर



पंचायत मेहदावल के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सरोज ने बताया की जहां पर कूड़ा कचरा इकट्ठा है वह प्राइवेट जमीन हैं और वर्षो से लोग यहां कूड़ा फेक रहे थे। फिरभी जिला अधिकारी के आदेश को त्वरित संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत के 30 सफाई कर्मियों को कचरे के साफ सफाई के लिए तैनात किया गया हैं जल्द ही इन कूड़ा कचरे से निजात मिल जायेगा। साथ ही अधिशासी अधिकारी सरोज ने बताया की कूड़ा कचरा साफ करने के साथ ही कीट नाशक दवा का छिड़काव भी कराया जा रहा हैं । जल्द ही मेहदावल नगर पंचायत के सम्मानित नागरिकों को इससे छुटकारा मिल जाएगा।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर जिला स्तरीय जांच टीम पहुंची पंडोखर गांव, जांच के नाम पर हुई मात्र खानापूर्ति

प्रखर संतकबीरनगर। जिले के बघौली ब्लाक के पंडोखर ग्राम सभा में अनियमितता की शिकायत पर जिलास्तरीय टीम के द्वारा जांच की गई। विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर 37 बिंदुओं पर शिकायत की गई थी। डीसी मनरेगा एवं वीडियो श्वेता वर्मा के द्वारा पड़ोखर गांव में हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच की गई। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को दी जाएगी। पंडोखर गांव के शिकायतकर्ता अब्दुल रहमान का आरोप है कि ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों में लगभग 10 लाख का गोलमाल किया गया है। इसकी शिकायत पहले स्थानीय स्तर पर की गई लेकिन सही जांच नहीं की गई। उन्होंने इस मामले में लोकायुक्त जांच की मांग की है रविवार को डीसी मनरेगा डॉक्टर प्रभात कुमार द्विवेदी एवं वीडियो श्वेता वर्मा की टीम ने गांव में शिकायतकर्ता के इंगित बिंदुओं की जांच की इसमें शौचालय, अर्ध



निर्मित पंचायत भवन, इंटरलॉकिंग तथा रास्ते की जांच की गई। शिकायतकर्ता अब्दुल रहमान का कहना है कि आज डीसी मनरेगा गांव में जांच के लिए पहुंचे लेकिन 37 बिंदुओं में से मात्र 6 बिंदुओ का कार्य देखकर चले गए। इस दौरान डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी ने बताया कि ग्राम सभा में कुछ कमियां पाई गई है जो जांच रिपोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी। वही इस पूरे प्रकरण पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की शिकायत कर्ता का आरोप निराधार तथा बेबुनियाद हैं। जितनी बिंदुओं की शिकायत की गई हैं उन सभी पर विकास कार्य किए गए हैं । चुनावी रंजिशन मुझे परेशान किया जा रहा हैं । जिला स्तरीय जांच के दौरान बघौली ब्लॉक के वीडियो श्वेता वर्मा, सचिव क्षितिज चौधरी , सचिव चंद्र प्रकाश , शिकायत कर्ता तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# यातायात माह में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस द्वारा स्कूली छात्र तथा छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में यातायात माह में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रभारी यातायात परमहंस मय टीम द्वारा सिटी पब्लिक स्कूल के छात्र / छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया । उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया। सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। देश में सबसे अधिक सड़क हादसे में ही लोगों की मृत्यु होती है, इस पर रोक यातायात नियमों का पालन करके ही लगाया जा सकता है। छात्र छात्राओं को अपने पास पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य शंभू पांडे ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल राइडिंग न करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया । बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाए और न ही चलाने दें। बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में किसी को वाहन न चलाने दें। यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य शंभू पांडे सहित विद्यालय के शिक्षकगण व हे0का0 सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में विश्व मत्स्यकी दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में विश्व मत्स्यकी दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार किया गया। इस अवसर उत्तर प्रदेश को बेस्ट इनलैंड स्टेट के रूप में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार दिया गया है। उक्त पुरस्कार आज अहमदाबाद में आयोजित फिशरीज कॉन्क्लेव में मंत्री मत्स्य संजय निषाद को प्रदान किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी मत्स्य पालकों को दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विजय मिश्र द्वारा विभाग की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं विश्व मात्स्यकी दिवस के बारे में उसके महत्व के बारे में सभी मत्स्य पालकों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही साथ वर्ष 2023-24 में चयनित मोटर साइकिल विद आईसबॉक्स एवं थ्री व्हीलर विद आईसबॉक्स के लाभार्थियों को सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी राम



नरेश निषाद प्रदेश सचिव निषाद पार्टी दिवाकर निषाद, जिला संरक्षक निषाद पार्टी धर्मेंद्र निषाद आदि द्वारा चाभी प्रदान की गई एवं मत्स्य पालकों को मछुआ दुर्घटना बीमा का प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस असवर पर सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी, अध्यक्ष निषाद पार्टी राम नरेश निषाद, निषाद पार्टी प्रदेश सचिव दिवाकर निषाद, निषाद पार्टी जिला संरक्षक धर्मेंद्र निषाद, निषाद पार्टी सेल इंद्रजीत निषाद, मत्स्य निरीक्षक शशि प्रकाश, वरिष्ठ सहायक मुस्ताक अहमद एवं जनपद के मत्स्यपालक एवं मछुआ समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ द्वारा 5 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालिन भूख हड़ताल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ एवम विद्युत संविदा मजदूर संगठन,उत्तर प्रदेश के मुख्य महामंत्री श्री पुनीत राय के द्वारा संविदा कर्मचारियों के 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 नवम्बर 2023 मंगलवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठा गया जिसके पश्चात प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल डिस्कॉम वाराणसी शम्भू कुमार एवं साथ में निदेशक (कर्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन) वाराणसी रवीन्द्र कुमार जैन, एस ई प्रशासन अरविन्द नायक, कार्मिक अधिकारी मयंक से विद्युत मजदूर संगठन और विद्युत संविदा मजदूर संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा 5 सूत्री मांगों के संदर्भ में द्विपक्षीय वार्ता करते हुए संगठन के पदाधिकारी पुनीत राय, इंद्रेश राय,वेद प्रकाश राय,संजय सिंह, विजय नारायण हिटलर, विनोद श्रीवास्तव, रविन्द्र पटेल, प्रियांशु सिंह आदि उपस्थित



रहे` प्रबन्ध निदेशक शम्भू कुमार ने संगठन को मिनिट्स ऑफ मीटिंग के माध्यम से अवगत कराया गया कि गोरखपुर में हटाए गए 12 संविदाकर्मियों और जौनपुर के 8 संविदा कर्मियों को को वापस रखने हेतु तत्काल आदेश जारी कर दिया जायेगा`

इंद्रेश राय, पूर्वांचल अध्यक्ष ने कहा कि निकाले गये आउटसोर्स संविदा कर्मियों को पुनः कार्य पर वापस लिया जाय`

2. आउटसोर्स एस.एस.ओ. के स्थान पर भूतपूर्व सैनिकों को रखे जाने का आदेश वापस लिया जाय`

3. आउटसोर्स संविदा श्रमिकों को 22000 रुपए, लाइनमैन ,एस.एस.ओ. को 25000 तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर को 30000 वेतन दिया जाय`

4. आउटसोर्स संविदा कर्मियों को कार्य करने की आयु सीमा 55 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किया जाय `

5. संविदा कर्मियों को हटाये जाने हेतु प्रबन्ध निदेशक (डिस्कॉम) को दिया गया अधिकार पुनः बहाल किया जाय`

पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय ने बताया कि हड़ताल के दौरान जिन अधिकारियों का निलम्बन और वेतन काटा गया था उन सभी अधिकारियों को प्रबन्धन द्वारा बहाल कर दिया गया और उनके काटे गए वेतन को भी दे दिया गया लेकिन अत्यंत दुख का विषय है कि आज तक हड़ताल के दौरान हटाए गए संविदा कर्मचारियो को वापस नहीं रखा गया`

संगठन के ओर से इंद्रेश राय, पुनीत राय,राहुल कुमार, वेद प्रकाश राय, विनोद श्रीवास्तव, उदय प्रताप सिंह, संजय सिंह, जेपीएन सिंह, राजकुमार यादव, विजय नारायण हिटलर, शशिभूषण सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, यशवन्त मौर्या, सन्तोष सिंह,रंजीत पटेल, धनन्जय सिंह, अरविन्द यादव,तरुण राय, रविन्द्र पटेल, अंकित अस्थाना, विकास कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मृत्युभोज का आयोजन समाज की गलत प्रथा : प्रोफेसर राकेश

प्रखर जौनपुर। खुटहन के ओइना गांव के निवासी समाजसेवी मातादीन यादव का निधन हो गया था। जिनके निधन पर 13वें दिन तेराही का बहिष्कार लोगों ने कर दिया और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी। जानकारी के अनुसार ओईना गांव निवासी समाज सेवी मातादीन का निधन विगत दो सप्ताह पूर्व हो गया था, जिसमें उनके शिक्षक पुत्र डॉ शेष कुमार यादव ने परिजनों से विचार विमर्श कर तय किया कि तेरही का आयोजन नहीं किया जाएगा। बल्कि स्वर्गीय मातादीन यादव के इच्छाओं को संज्ञान में लेते



हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसके क्रम में शिक्षकों व ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने कहा कि 13वीं का सभी लोगों को बहिष्कार करना चाहिए क्योंकि उसमें खर्च ज्यादा पड़ते हैं लोगों को खर्च से बचने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करें। जिससे एक भारी भरकम खर्च बचा जा सके। उधर परिवार पर गमों का का पहाड़ टूटा होता है ऊपर से मृत्युभोज पर खर्च करने में काफी तकलीफें उठानी पड़ती है इसे बचा जाना ही इस प्रथा का अंत करना होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष चंद्र यादव, आस्था फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अरविंद कुमार यादव, डॉ शिव प्रसाद यादव, डॉ संजय यादव, डॉ शिवशंकर, अजय कुमार एवं अन्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राम किशुन सिंह पीजी कॉलेज सिद्धिकपुर के प्रवक्ता शेष कुमार यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### विकासखंड स्तरीय खेलकूद का युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में हुआ आयोजन



प्रखर संतकबीरनगर। विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण विभाग द्वारा एसपी मेमोरियल एकेडमी बुद्धा कला सेमरियावां में किया गया जिसमें जूनियर सब जूनियर तथा सीनियर वर्गों में बालक तथा बालिकाओं की प्रतियोगिता संपन्न हुआ, इस संबंध में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स वॉलीबॉल कबड्डी कुश्ती आदि विधाओं में बच्चों ने बढ़-चलकर हिस्सा लिया खेलकूद के आयोजनों से छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है और खेल के प्रति उनकी अभिरुचि बनी रहती है, कार्यक्रम के संयोजक युवा कल्याण अधिकारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक महोदय संतोष पांडे द्वारा बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया गया इस अवसर पर प्रशिक्षक सत्य प्रकाश पांडे, राहुल पांडे, ब्लॉक कमांडर सर्वेश गौड़, कमांडर गोरख प्रसाद,राजेश,झिनकू और समस्त शिक्षक स्टाफ आदि मौजूद रहे।

### हरपुर-बुदहट पुलिस ने गड्ढे में बहा दी लाखों की शराब



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। हरपुर-बुदहट थाना पुलिस ने 21 नवम्बर दिन मंगलवार को लाखों कि कीमत की कच्ची शराब गड्ढे में बहा दी। यह कुछ समय पहले थाना क्षेत्र से बरामद किया गया था। एसपी के निर्देश पर शराब का विनिष्टीकरण किया गया। पुलिस ने तस्करों से काफी जगह से भारी मात्रा में शराब बरामद किया था। पुलिस द्वारा इस समय विनिष्टीकरण का अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में न्यायालय के आदेश के अनुपालन के क्रम में आज हरपुर-बुदहट में थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भारी मात्रा में बरामद कच्ची शराब को नष्ट कराया गया है जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर ढकवाया गया है इस मौके पर थाना प्रभारी अमरपुर महेंद्र मिश्रा अच्युतानंद राय तनवीर अहमद खान गोरखनाथ यादव एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद है।

### स्थानीय पत्रकारों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा करायेंगी आईजीएल

प्रखर गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड गीडा के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में 22 नवम्बर को कंपनी परिसर में ट्रक चालकों का एक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारों को भी दस लाख का दुर्घटना बीमा कंपनी द्वारा दिया जायेगा। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की यह कार्यक्रम सिर्फ पत्रकार बंधू एवं चालको के लिए है।और कहा की सभी ट्रक चालकों को भी दुर्घटना बीमा दिया जायेगा तथा सभी को एक हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा। कार्यकम आईजीएल परिसर में सुबह ९ बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक सहजनवा श्री प्रदीप शुक्ल है और सह मुख्य अतिथि सीईओ गीडा श्रीमती अनुज मालिक ( आईएएस ) है। उपरोक्त सूचना वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने दिया है।




### काशी क्षेत्र के सभी सोलह संगठनात्मक जिलों में नियुक्त हुए जिला प्रभारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने काशी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी सोलह जिलों में जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है` भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि वाराणसी महानगर एवं वाराणसी जिला के लिए अरुण पाठक को जिला प्रभारी बनाया गया है इसी क्रम में गाजीपुर में राकेश त्रिवेदी, प्रतापगढ़ में कौशलेंद्र पटेल, भदोही में नागेंद्र रघुवंशी, जौनपुर में अशोक चौरसिया को जिला प्रभारी बनाया गया है इसी क्रम में मछली शहर में संतोष पटेल, सुल्तानपुर में मीना चौबे, अमेठी में शंकर गिरी, प्रयागराज महानगर में महेश श्रीवास्तव, प्रयागराज गंगापार में उत्तर मौर्य, प्रयागराज यमुनापार में सुशील त्रिपाठी को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार चंदौली जिले में अनामिका चौधरी, मिजार्पुर में सरोज कुशवाहा, कौशांबी में अवधेश गुप्ता एवं सोनभद्र में अमर नाथ यादव को जिला प्रभारी बनाया गया है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं